इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव: झारखंड में दो फेज में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग; नतीजे 23 नवंबर को

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एकल चरण में 20 नवम्बर को और झारखंड में दो चरणों में 13 तथा 20 नवम्बर को कराये जायेंगे जबकि दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवम्बर को होगी और दोनों राज्यों में चुनाव प्रकिया 25 नवंबर को संपन्न होगी। देश के 15 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय सीट और उत्तराखंड की केदानाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 नवम्बर को होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मतदाताओं विशेष रूप से शहरी मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की पुरजोर अपील की। उनके साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु भी थे। इसी के साथ इन दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। श्री कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन 29 अक्टूबर तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी और नाम चार नवम्बर तक वापस लिये जा सकेंगे। राज्य में एक चरण में चुनाव 20 नवम्बर को होगा। राज्य में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 9.63 करोड़ है, जिनमें 4.97 करोड़ पुरुष और 4.66 करोड़ महिला मतदाता हैं। राज्य में 20-29 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या 1.85 करोड़ है। वहां इस बार 20.93 लाख मतदाता पहली बार वोट डाल सकेंगे। राज्य में उभयलिंगी मतदाताओं की संख्या 6031 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6.36 लाख हैं। 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 12.43 लाख है जिनमें 47776 मतदाता शतायु हैं।

श्री कुमार ने बताया कि आयोग ने महाराष्ट्र में 52789 स्थानों पर कुल 100186 मतदान केन्द्र बनाये है जिनमें 42604 मतदान केन्द्र शहरी इलाकों में हैं। झारखंड विधानसभा की 81 में से 43 सीटों के लिए पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 25 अक्टूबर तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी जबकि नाम 30 अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे। चुनाव 13 नवम्बर को होगा। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 38 सीटों के लिए अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 29 अक्टूबर तक दायर किये जायेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी जबकि नाम चार नवम्बर तक वापस लिये जा सकेंगे। इस चरण में 20 नवम्बर को मत डाले जायेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनावी गणित

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। महाराष्ट्र में विधानसभा सीट की कुल 288 सीटें हैं, जबकि बहुमत के लिए 145 सीटें जरूरी हैं। महाराष्ट्र में महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधनों के बीच कांटे की टक्कर है। 2019 में विधानसभा चुनावों में बीजेपी 152 सीटों पर लड़ी थी। तब बीजेपी ने अविभाजित शिवसेना के लिए 124 सीटें छोड़ी थी। वहीं एनडीए ने अपने अन्य सहयोगियों के लिए 12 सीटें छोड़ रखी थीं। इससे पहले बीजेपी ने साल 2014 के विधानसभा चुनाव में 122 और 2019 में 105 सीटों पर जीत हासिल की थी।

राजनीति में लंबे समय तक टिके रहने के लिए धैर्य और सुनने की क्षमता होना चाहिए - डॉ. रमन सिंह

कभी सोचा नहीं था कि उनका कैरियर व उनका क्षेत्र राजनीति रहेगा

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने जन्मदिन के अवसर पर दिल की बात मीडिया से साझा करते हुए कहा कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उनका कैरियर, उनका क्षेत्र राजनीति होगा। मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए डॉ. रमन सिंह ने राजनीतिक क्षेत्र में लंबे समय तक टिके रहने के गुर बताते हुए कहा कि गुस्सा हमारी बीमारी व कमजारी का प्रतीक है, आप के अंदर धैर्य और सुनने की क्षमता नहीं है, तुरंत हर बात में रियेक्शन करते जायेंगे तो आप राजनीति में लंबे समय तक कार्य नहीं कर सकते।

डॉ. रमन सिंह ने बताया कि वे कवर्धा विधानसभा चुनाव हार चुके थे। इसलिए कल्पना नहीं कर सकता था पर पार्टी द्वारा उनसे पूछा गया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से मोतीलाल वोरा के खिलाफ चुनाव लड़ने तैयार है। बाकी आगे क्या हुआ आप सब अच्छी तरह जानते हैं। बहरहाल क्षेत्र के लाडले विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का जन्म दिवस शहर सहित पूरे अंचल भर में को धूमधाम से मनाया गया। पूरे प्रदेश भर से जन्मदिन पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए लोगों का तांता रहा। डॉ. रमन ने सबसे अपने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं तहेदिल से स्वीकार की व अपने प्रति दिखाएं गए लोगों के प्रेम आदर व स्नेह भाव के लिए सबका आभार जताया। राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन अवसर पर शहर के म्युनिसिपल ग्राउंड में आयोजित भव्य कवि सम्मेलन का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया और डॉ. रमन को बधाई देने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित पूरे प्रदेश के मंत्रीगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्त्ता राजनांदगांव पहुंचे थे।

'ये घोर उल्लंघन है', वक्फ पर जेपीसी की बैठक को लेकर विपक्ष का हंगामा, ओम बिरला को लिखा पत्र

नई दिल्ली। विपक्षी सदस्यों ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि संयुक्त संसदीय कमेटी (जेपीसी) की बैठक में नियमों का उल्लंघन हुआ। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा के लिए सोमवार को जेपीसी की बैठक हुई थी। इसमें जमकर हंगामा हुआ था और विपक्षी सांसदों ने वाकआउट किया था। विपक्षी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर आरोप लगाया, वक्फ विधेयक पर विचार के लिए संसद की संयुक्त समिति की बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। हम आपसे तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह कर रहे हैं। यह पत्र बैठक के एक दिन बाद सामने आया है।

सहयोगी दलों के सांसद भड़क गए

सोमवार को कमेटी के बुलावे पर आए कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपेडी द्वारा प्रस्तुत कर्नाटक वक्फ बोर्ड घोटाले की रिपोर्ट में आरोपितों के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम देखकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सांसद भड़क गए थे। इस रिपोर्ट में रहमान खान और कई अन्य नेताओं के भी नाम दिए गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

प्रियंका गांधी का चुनावी डेब्यू, वायनाड से लड़ेंगी लोकसभा का उपचुनाव; कांग्रेस का ऐलान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग द्वारा केरल के वायनाड लोकसभा सीट पर उप चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वहां से चुनाव लड़ने के लिए कमर कस ली है। वायनाड उप चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद ही कांग्रेस ने घोषणा कर दी कि प्रियंका गांधी वहां से पार्टी की उम्मीदवार होंगी।

प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी

लोकसभा चुनाव के कुछ दिनों बाद ही कांग्रेस ने घोषणा की थी कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली संसदीय क्षेत्र बरकरार रखेंगे और केरल की वायनाड सीट को खाली कर देंगे। वहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। वहां से निर्वाचित होने पर प्रियंका गांधी सांसद के रूप में संसद में पहली बार प्रवेश करेंगी।

48 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा

यह भी पहली बार होगा कि गांधी परिवार के तीन सदस्य सोनिया, राहुल और प्रियंका एक साथ संसद में होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों के साथ ही 48 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा की।

प्रियंका गांधी का चुनावी डेब्यू

वायनाड संसदीय सीट और 47 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा के पहले चरण के मतदान के साथ होगा। 2019 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश के बाद से प्रियंका गांधी को अतीत में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए संभावित चुनौती के रूप में पेश किया गया है। हालांकि कांग्रेस ने उन्हें वायनाड से मैदान में उतारने का फैसला किया है।

वायनाड सीट से राहुल जीत चुके दो चुनाव

इस संसदीय सीट से उनके भाई राहुल गांधी लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। राहुल गांधी ने 2024 में वायनाड लोकसभा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया।

जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) 2017 में दर्ज की गयी थी और पांच साल बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 2022 में अभियोजन शिकायत दर्ज की गयी।

वकील ने तर्क दिया कि श्री मनीष सिसोदिया 17 महीने तक हिरासत में रहे और उन्हें जमानत मंजूर कर दी गयी। इसके अलावा के कविता को भी पांच महीने में जमानत याचिका को मंजूरी दे दी गयी। वहीं श्री जैन लंबे समय से हिरासत में हैं और उन पर आरोप तय होना बाकी है। बिना सुनवाई के लंबे समय तक जेल में रहना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का उल्लंघन है।

ईडी के सरकारी वकील ने पहले जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि दो सह-आरोपी व्यक्तियों ने कथित तौर पर मुख्य आरोपी की सहायता की और देरी आरोपी व्यक्तियों की वजह से हुई।

एयर इंडिया विमान को बम से उड़ाने की धमकी, दिल्ली-शिकागो फ्लाइट को किया गया डायवर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली से शिकागो जा रहे एयर इंडिया के फ्लाइट में बम ब्लास्ट की सूचना से हड़कम मच गया। बम ब्लास्ट की धमकी मिलने के बाद दिल्ली से शिकागो जा रहे एआई-127 विमान को कनाडा के लिए डायवर्ट कर दिया गया। एयर इंडिया ने अपने बयान में कहा कि कई ऑपरेटरों को कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए धमकी दी गई हैं। इसके बाद फ्लाइट को डायवर्ट करने का फैसला लिया गया।

दिल्ली से शिकागो जा रहा था विमान

जानकारी के अनुसार, एयर इंडिया का विमान एआई 127 मंगलवार (15 अक्टूबर) को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान भरा। इसके कुछ समय बाद एक ऑनलाइन पोस्ट में विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुरक्षा को धायण में रखते हुए विमान को डायवर्ट करना पड़ा है। एयरलाइन के एक अधिकारी ने जानकारी दी है कि बम की धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर विमान को कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतारा गया है। सूत्रों का कहना है कि निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की दोबारा जांच की गई है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया ने यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है, जब तक कि उनकी यात्रा फिर से शुरू नहीं हो जाती। अधिकारी ने कहा कि विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया विमान को भी मिली धमकी

बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद विमान को दिल्ली की ओर डायवर्ट किया गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से मिले एस. जयशंकर

इस्लामाबाद। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान दौरे पर हैं। यहां उन्होंने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुलाकात के दौरान एक-दूसरे का अभिवादन किया।

बता दें कि विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद गए हैं। इस दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने एससीओ के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के सम्मान में अपने आवास पर रात्रिभोज का भी आयोजन किया। भारत के विदेश मंत्री और पाकिस्तान के पीएम के बीच मुलाकात का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एस जयशंकर और शहबाज शरीफ को गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए देखा जा सकता है।

नूर खान एयरपोर्ट पर किया गया स्वागत

इसके अलावा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने एससीओ के सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के नेताओं का अभिवादन किया। बता दें कि विदेश मंत्री एस जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:30 बजे पाकिस्तान में नूर खान एयरपोर्ट पर उतरा। यहां पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बता दें कि पिछले करीब 09 सालों में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। पिछले कई सालों से दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे और आतंकवाद को लेकर संबंध बेहद तनावपूर्ण रहे हैं। बता दें कि एस जयशंकर बुधवार को स्टेट्ह के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे।

एस जयशंकर ने एक्स पर किया पोस्ट

पाकिस्तान पहुंचने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पीएम मोदी की अध्यक्षता में भाजपा सीईसी की बैठक

उम्मीदवारों के नाम पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के लिए दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यह बैठक झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आयोजित की गई है, जिसमें उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा की जाएगी। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। इससे पहले, चुनाव आयोग ने मंगलवार, 15 अक्टूबर को झारखंड चुनावों की तारीखों का ऐलान किया। जिसके अनुसार, मतदान 13 और 20 नवंबर को होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

बैठक में भाजपा के बड़े नेता शामिल

भाजपा की इस सीईसी बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और अन्य बड़े नेता शामिल हुए हैं। इससे पहले, 7 अक्टूबर को भाजपा ने जेपी नड्डा के नेतृत्व में झारखंड कोर ग्रुप की एक बैठक भी आयोजित की थी, जिसमें चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई।

2.60 करोड़ मतदाता बनाएंगे नई सरकार

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ा के अनुसार, झारखंड में 2.60 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.29 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। इनमें 11.84 लाख पहली बार वोट देंगे और 66.84 लाख युवा मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा, 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक घर से ही मतदान कर सकेंगे। बता दें झारखंड विधानसभा का वर्तमान कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त हो जाएगा, और राज्य के 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे।

चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण तारीखें

चुनाव की तरीखों का ऐलान होते ही राज्य में आचार संहिता लागू हो गई। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 और 29 अक्टूबर तय की गई है, जबकि 28 और 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर और 1 नवंबर तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं।

तीन मुख्यमंत्री, 3 नेता प्रतिपक्ष और 2 विधानसभा अध्यक्ष; 14वीं विधानसभा में बना ऐतिहासिक रिकॉर्ड

मुंबई। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों की मंगलवार को घोषणा हो गई। इसके साथ ही उथल-पुथल भरी 14वीं विधानसभा का कार्यकाल भी समापन की ओर बढ़ गया, जो अपने पूरे कार्यकाल के दौरान कई अनोखे रिकार्ड बना चुकी है। वास्तव में 14वीं विधानसभा की शुरुआत ही उथल-पुथल से हुई थी।

पांच वर्ष पहले चुनाव तो भाजपा-शिवसेना गठबंधन बड़े अच्छे माहौल में लड़ा था, लेकिन चुनाव परिणाम आते ही जब शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने अपने तीन दशक पुराने सहयोगी दल के नेता देवेंद्र फडणवीस का फोन उठाना भी बंद कर दिया, तभी भाजपा नेताओं को लग गया था कि दाल में कुछ काला है। उद्धव ने संभवतः पूर्वनिर्धारित योजना के तहत राकांपा और कांग्रेस से हाथ मिलाकर महाविकास आघाड़ी का गठन कर भाजपा से नाता तोड़ लिया और स्वयं मुख्यमंत्री बन गए।

तीन मुख्यमंत्रियों ने ली शपथ

उनके इस प्रकार पाला बदलने का प्रभाव पूरे पांच साल पड़ा। इस दौरान अभूतपूर्व रूप से इसने तीन मुख्यमंत्री, तीन नेता प्रतिपक्ष और दो विधानसभा अध्यक्ष देखे। दो प्रमुख दलों शिवसेना और राकांपा को बड़े विभाजन भी देखने पड़े। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर, 2024 को समाप्त होगा। पिछले पांच सालों में तीन मुख्यमंत्रियों ने शपथ ली। देवेंद्र फडणवीस (भाजपा) तो मात्र 80 घंटे ही मुख्यमंत्री रहे। उनके बाद शपथ लेने वाले उद्धव ठाकरे (शिवसेना) लगभग ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहे तथा वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे (शिवसेना) भी शेष ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहे।

भारतीय राजनीति में एक अलग तरह का बनाया रिकार्ड

विधानसभा में विपक्ष के नेताओं में देवेंद्र फडणवीस (भाजपा), अजीत पवार (राकांपा) और विजय वडेट्टीवार (कांग्रेस) शामिल हैं। राकांपा के अजीत पवार ने एक ही विधानसभा के पांच वर्ष के कार्यकाल में तीन बार उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर भारतीय राजनीति में एक अलग तरह का रिकार्ड बनाया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने जन्म दिवस के अवसर पर कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया।

० विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन
० किसी भी कारण से दिव्यांगता आने पर सीआरसी सेंटर बनेगा सहारा

विधानसभा अध्यक्ष ने दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण का किया वितरण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छोटे दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चों एवं शिक्षकों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर खुशी हो रही है। इससे बड़ी खुशी बड़े से बड़े कार्यक्रम में नहीं मिल सकती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) की कल्पना तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री थावरचंद गहलोत ने की थी तथा इसकी स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सीआरसी सेन्टर की कल्पना किसी ने नहीं की थी। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य हुआ है। छत्तीसगढ़ का ऐसा केन्द्र होगा जहां कृत्रिम अंग का निर्माण होगा। मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांगता को दूर करने के लिए प्रशिक्षण होगा। उन्होंने बताया कि यहां डिप्लोमा कोर्स की शुरूआत होगी। यहां से बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरे हिन्दुस्तान में कार्य कर सकते हैं। उसके लिए शासन की मंजूरी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में जयपुर और अन्य स्थानों से कृत्रिम अंग लाया जाता था, उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी, उसका निर्माण यही होगा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव एवं इस पूरे क्षेत्र के नागरिक जिनको भी ज्वाइंट की दिक्कत है, फेक्चर, कमर और अन्य अंग में समस्या आने पर उनको चलने में दिक्कत आती है। यह केन्द्र उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया, उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, जिला सहकारी केन्द्र बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, रमेश पटेल, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा सहित सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चे, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

रायपुर दक्षिण उप चुनाव की घोषणा: 13 नवंबर को डाले जाएंगे वोट, 23 को आएगा नतीजा

रायपुर (दावा)। चुनाव आयोग ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इस सीट पर 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। 18 अक्टूबर से चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन की शुरुआत 18 अक्टूबर को गजट नोटिफिकेसन जारी होने के साथ होगा। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी 18 अक्टूबर से शुरू होगी और 25 अक्टूबर तक चलेगी। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे और 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके बाद 23 नवंबर को वोटों की गिनती और नतीजों की घोषणा होगी।

उल्लेखनीय है कि, महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ देश के 13 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव का ऐलान किया गया है। 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर एक साथ 13 नवंबर को चुनाव होगा। वहीं उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे। सबसे खास बात यह है कि, सभी सीटों के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

- कांग्रेसी रायपुर दक्षिण के नतीजे के बाद भी ईव्हीएम पर फोड़ेंगे ठीकरा - जायसवाल

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए तारीख घोषित होते ही इसे लेकर सियासी बयानबाजियों का दौर भी शुरू हो गया है। भाजपा के चुनाव प्रभारी और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चुनावी तारीखों के ऐलान के बाद कहा- भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि, रायपुर दक्षिण का उपचुनाव विशेष है। अब तक बृजमोहन जी लड़ते रहे हैं, इस बार नया चेहरा चुनाव लडेगा। दक्षिण के उपचुनाव जो हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की तैयारियां कैसी रहती हैं सभी जानते हैं। विधानसभा और लोकसभा में बोले थे एकतरफा जीतेंगे, अब भी जीतने का दावा कर रहे हैं, हारने के बाद में ईव्हीएम पर ही ठीकरा फोडेंगे।

किस प्रदेश में कितनी सीटों पर उपचुनाव

जहां उपचुनाव होने हैं, उनमें उत्तर प्रदेश की 10, राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार की 4, पंजाब की 4, कर्नाटक की 3, केरल की 2, मध्य प्रदेश की 2, सिक्किम की 2, गुजरात की 1, उत्तराखंड की 1 और छत्तीसगढ़ की 1 विधानसभा सीट शामिल हैं।

पहला कॉलम...

डॉ. हेमलता मोहबे और डॉ चंद्रकुमार जैन का इस दुनिया से जाना दिग्विजय महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी क्षति- डॉ. अंजना ठाकुर

दिग्विजय कॉलेज में शोक श्रद्धांजलि आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज डॉ हेमलता मोहबे और डॉ चंद्रकुमार जैन के निधन पर शोक श्रद्धांजलि आयोजित की गई। शोक श्रद्धांजलि में दोनों विभूतियों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया तथा उनके योगदान का भी उल्लेख किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने कहा कि डॉ मोहबे और डॉ जैन का इस दुनिया से जाना इस महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी क्षति है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने अपनी शोक-संवेदना में कहा कि मोहबे मैडम के निधन से इस संस्था ने अपना अभिभावक खो दिया है। वे हम सभी के मार्गदर्शक थी। वे इस संस्था के गुरुओं के भी गुरु थीं। इसी प्रकार डॉ चंद्रकुमार जैन की मंचीय आवाज हम सबके कानों में गुंजती रहेगी। वे योग्य प्राध्यापक और कुशल वक्ता थे। इस शोक श्रद्धांजलि में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, रजिस्ट्रार, जनभागीदारी शिक्षक एवं कार्यालयीन स्टाफ शामिल थे।

मनोरमा बंसोड का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। छोटी माताजी की बड़ी बेटी आयुष्मती मनोरमा बन्सोड का निधन 15 अक्टूबर को दोपहर 3:15 बजे हो गया। आज दिनांक 16 अक्टूबर को उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11:30 बजे उनके निवास स्थान इंदिरा नगर सिद्धि मजार के पास से इंडियन गैस के पीछे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

लोकूराम साहू का निधन

मुड़पार (दावा)। सुरगी समीप ग्राम मुड़पार के प्रतिष्ठित नागरिक लोकूराम साहू उम्र लगभग 78 वर्ष का हृदय गति रुक जाने से दिनांक 15 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया है, वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया, अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए, अंत में 2 मिनट मौन श्रद्धांजलि दी गई।

मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत आवास का लाभ लेने 28 अक्टूबर तक निगम में दावा आपत्ति

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्ड्री, लखोली, मोहरा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है, जहॉ पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है, इन्ही आवासों में मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत निकाय क्षेत्र में निवासरत आवासहिन परिवार जो वर्षों से किरायेदार के रूप में निवास करते हुये अपने स्वयं के आवास का सपना देख रहे है, ऐसे परिवारों के लिये शासन की संवेदनशील पहल जिसके तहत आवास निर्माण में शासन की जितनी राशि व्यय हुई है, मात्र उस आवास के लागत मूल्य पर ही स्वच्छ सुंदर वातावरण में आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

आवास आबंटन के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि आवास आबंटन हेतु शासन नियमों के तहत प्रक्रिया दावा-आपत्ति जारी की जा रही है। योजना अंतर्गत दिनांक 14 अक्टूबर तक कार्यालय में प्राप्त आवेदनों की खतौनी (आवेदनों का परीक्षण) करने के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदनों की सूची नगर निगम के सूचना पटल पर दिनांक 14 अक्टूबर दिन सोमवार से जनसाधारण के अवलोकन हेतु प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि 1134 क्रमांक तक के कुल 86 नए आवेदनों की सूची में 50 पात्र आवेदन एवं 37 अपात्र आवेदन की सूची नाम के साथ जारी की गई है, सूची के लिये दावा आपत्ति आमंत्रित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रकाशित पात्र एवं अपात्र आवेदकों पर जनसाधारण को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो उसे प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि में आवेदक के नाम से आपति दर्ज कर आवेदक के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है एवं ऐसे आवेदक जिनका आवेदन किसी कारणवश दस्तावेजों कि अनुपलब्धता के कारण नाम अपात्र की सूची में दर्ज हो ऐसे आवेदक सूची में दर्शाये गए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन आयुक्त नगर पालिक निगम के नाम आवेदन लिखकर कार्यालय में जमा जमा कर सकते है। तदुपरांत दस्तावेजों के परीक्षण करने पर उन आवेदनों को पात्र करने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व मे जारी दावा-आपत्ति मे भी अपात्र आवेदक दस्तावेज संलग्न कर पात्रता अनुरूप योजना से लाभान्वित हो सकते है। निर्माणधीन आवास के लिये मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कर आप अपने नाम से आवास बुक करा सकते है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि प्रकाशित सूची में किसी भी आवेदक के नाम पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो पात्र आवेदकों के लिये दिनांक 28 अक्टूबर सोमवार शाम 5:00 बजे तक एवं अपात्र आवेदक के लिये दिनांक 28 अक्टूबर सोमवार शाम 5:00 बजे तक संबंधित के विरुद्ध दावा आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें समय अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

उक्त दावा आपत्ति के संबंध में किसी प्रकार की कोई भी जानकारी प्राप्त करनी हो तो या कोई सहायता उक्त संबंध में किसी को चाहिए तो प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय कक्ष क्रमांक 19 में कार्यालय समय अवधि में संपर्क कर अपने शंका का समाधान कर सकते हैं। पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जावेगा। उन्होंने योजना का लाभ लेकर अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करने आवेदन करने की भी अपील की है।

महापौर ने कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिये नगरीय प्रशासन मंत्री को राशि आबंटित करने लिखा स्मरण पत्र

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं दीपावली त्यौहार पर कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं लंबित देयक के भुगतान हेतु 9 करोड 40 लाख रूपये आबंटित करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव को पत्र प्रेषित किया है। वेतन के लिये अगस्त माह में भी उनके द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र प्रेषित किया गया था।

महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नही हो पा रही है, जिसके कारण निगम की आर्थिक स्थिति सृदृढ़ नहीं है। राशि के आभाव में निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 3 माह का वेतन भुगतान लंबित है, जिस कारण से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। इसके अलावा इस माह के अंत में हिन्दुओं का सबसे बड़ा पर्व दीपावली त्यौहार भी है, जिससे खर्चों में वृद्धि होती है, इसी प्रकार पार्षदों का मानदेय 9 माह से अप्राप्त है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने वेतन के संबंध में अगस्त माह में भी मंत्री अरूण साव को पत्र प्रेषित किया था। निगम की वर्तमान स्थिति एवं दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर महापौर ने माह जुलाई से सितम्बर 2024 तक नियमित अधिकारी कर्मचारी के लिये 5 करोड 18 लाख 12 हजार रूपये तथा प्लेसमेंट कर्मचारी के लिये 3 करोड 39 लाख 8 हजार रूपये एवं पार्षदगणों का मानदेय 82 लाख 80 हजार रूपये कुल 9 करोड 40 लाख रूपये अंतर की राशि अनटाईटड फेड से आबंटित करने पुनः अनुरोध पत्र प्रेषित किया है।

फटाका दुकान के लिये आवेदन व अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा करने 22 अक्टूबर अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है जिसके लिए नगर निगम द्वारा लायेसेंसी फटाका व्यवसायियों से अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा करने 22 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित किया गया है।

शुल्क जमा उपरांत लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन की कार्यवाही की जावेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान लगाये जाने प्रक्रिया की जा रही है। प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 22 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक वर्तमान नवीनीकृत लायसेंस वर्ष 2024-25 की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि एवं छत्तीसगढ़ वस्तु व सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 24 (2) अंतर्गत साधारण टैक्स पेयर के तहत जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिये आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4590.00 (चार हजार पॉच सौ नब्बे रूपये मात्र) देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किया जायेगे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों के लिये अस्थाई भूखण्ड का आबंटन नम्बरिंग लाटरी के माध्यम से किया जावेगा। आबंटन तिथि की सूचना पृथक से दी जावेगी। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 4590.00 रूपये का रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। लाटरी के पूर्व निर्धारित तिथि 22 अक्टूबर 2024 तक शुल्क जमा करना होगा। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी राजस्व विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है, जिसका अलोकन किया जा सकता है।

किराये से देना है

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

वेट्टैयन द हंटर

कलाकार - रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
12th OCT to 17th OCT 2024
silver SCREEN

Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग, डोंगरगांव

क्रं. कार्य.अभि./सामा/ डोंगरगांव, दिनांक:-

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि,डोंगरगांव संभाग के अन्तर्गत संधारित 33 के.व्ही. फीडर व 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाले भिन्न 33 के. व्ही. लाईनो में दीपावली पूर्व मेन्टनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः नीचे प्रदर्शित निम्नलिखित प्रभावित क्षेत्र में प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

क्रं.	दिनांक	दिन	33 के. व्ही. फीडर का नाम	प्रभावित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम
1	17.10.2024	गुरूवार	33 के.व्ही.खुज्जी	33/11 केव्ही उपकेन्द्र डोंगरगांव से खुज्जी आउटगोविंग फीडर 33/11 केव्ही उपकेन्द्र खुज्जी एवं उमरवाही उपकेन्द्र के समस्त 11 केव्ही फीडर
2	19.10.2024	शनिवार	33 के.व्ही.डोंगरगांव फीडर	डोंगरगांव एवं सेवतापारा उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 केव्ही फीडर।
3	21.10.2024	सोमवार	33 के.व्ही. इण्डस्ट्रीयल-1	समस्त उच्चदाब उपभोक्ता।
4	22.10.2024	मंगलवार	33 के.व्ही. चौकी फीडर	कुमरदा एवं बांधाबाजार उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 केव्ही फीडर
5	24.10.2024	गुरूवार	33 के.व्ही. सोलर	पेपर मिल सोलर उपभोक्ता।
6	26.10.2024	शनिवार	33 के.व्ही. खुज्जी	33/11 केव्ही खुज्जी से उमरवाही फीडर एवं 33/11 केव्ही उपरवाही उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 11 केव्ही फीडर

टीप:- आवश्यतानुसार समय घटाई व बढ़ाई जा सकती है।

पी. सी. साहू (91547124)
कार्यपालन अभियंता (संधा/संधा.) संभाग छ. स्टे. पा. डिस्ट्री कं.लि., डोंगरगांव

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-6-9
788-3 168-5
राजधानी
2-5-7
235-0 257-4

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वथा शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह गणित के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक :- 202410092100020

विषय:- अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2024-2025
लमानिनभाठा (प ह नं. 00016),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार गिरवर दास साहू
अनावेदक पक्षकार आम जनता,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गिरवर दास साहू वल्द बल्दूराम साहू जाति तेली उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम लमानिनभाठा पो0 मुसरकला तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक गिरवर दास साहू वल्द बल्दूराम साहू जाति तेली उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम लमानिनभाठा पो. मुसरकला तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनादगांव का निवासी हूं जो की मेरे अधिकार एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम लमानिनभाठा प.ह.नं. 16 र.नि.मं. बेलगांव में स्थित ख.नं. 723/1 रकबा 0.081 हेक्टेयर भूमि स्थित है। जो की किसान पुस्तिका में भी यह रकबा दर्ज है किन्तु पटवारी द्वारा भूलवश ऑनलाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में खसरा नम्बर 723/1 को दर्ज नहीं किया गया है. जिससे मुझे काफी परेशानी हो रही है जिस कारण से मेरे खसरा नम्बर 723/1 को ऑन लाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज किया जावे जिस हेतु यह आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। तथा उक्त भूमि मेरी स्वंय अर्जित संपत्ति है जिसे मेरे द्वारा मंगल पिता शोभित जाति तेली से दिनांक 29/09/2003 को क्रय किया था तथा उक्त भूमि पर मेरा काश्त कब्जा है काश्त कब्जा में कोई विवाद नहीं है। मेरे नाम से दर्ज ख.नं. 723/1 रकबा 0.081 हेक्टेयर भूमि को ऑन लाईन कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। मो. 8103796609

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.10.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक 202410093700010 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीलिमा कोठारी ध.प. संकेत कोठारी, निवासी- कैलाश नगर, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 61 ए भूखण्ड क्रमांक 43/9, क्षेत्रफल 41.00 वर्गमीटर जो धारक प्रकाश हुंका आ. नंदूलाल हुंका, निवासी - गंज चौक, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि /मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 21.10.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202409093100010

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2023-2024
ढाबा प.ह.नं. 00005 (हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार दुर्जन अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्जन आ. सेवक राम जाति यादव निवासी ग्राम ढाबा पटवारी हल्का नं. 05 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता सेवकराम की मृत्यु दिनांक 21/11/2020 को ग्राम ढाबा में होने के कारण सेवकराम की मृत्यु तिथि जारी किये जानें शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 15.10.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया ।

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202410093800015 अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ध्रुव कुमार देवांगन आ. रामाधीन देवांगन निवासी ब्राम्हणपारा दुर्गा चौक राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला ब्राम्हणपारा स्थित भूखण्ड कमांक 746/3 क्षेत्रफल 1240.00 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन एवं भू भाटक निर्धारण कर पट्टा प्रदान किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदक के नाम पर आवेदित भूमि का भू भाटक निर्धारण एवं शीट आबंटन कर पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 30/10/2024

नजूल अधिकारी,
राजनांदगांव

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान, गण्डई (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम सिन्हा पिता मनीराम निवासी भंडारपुर तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई के द्वारा ग्राम भंडारपुर प.ह.नं. 15 रा. नि. मं. मुड़ीपार तहसील खैरागढ़ स्थित भूमि ख.नं. 307/1 रकबा 0.049 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 23.10.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा/आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/ अपने अधिवक्ता/ अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा- आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खैरागढ़

न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202410093800014 अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेशचंद खण्डेलवाल आ. स्व. कल्याणमल खण्डेलवाल निवासी बल्देवबाग राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला बल्देवबाग स्थित भूखण्ड कमांक 47/12 क्षेत्रफल 1240.00 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन एवं भू-भाटक निर्धारण हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदक के नाम पर आवेदित भूमि का भू-भाटक निर्धारण एवं शीट आबंटन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 30/10/2024

नजूल अधिकारी,
राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष से उनके जन्मदिन पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोट्ठ लईका पहल के तहत लाभान्वित नन्हे बच्चों एवं उनकी माताओं ने की मुलाकात

० विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सुपोषण की श्रेणी में आए नन्हे बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन
० पोट्ठ लईका पहल के तहत संवर्धित रेडी टू ईट वितरण का किया गया शुभारंभ
० नन्हे बच्चों के साथ, जन्मदिन बना खास

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में उनके जन्मदिन पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोट्ठ लईका पहल के तहत लाभान्वित नन्हे बच्चों एवं उनकी माताओं ने मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष का यह जन्मदिन खास एवं यादगार बन गया, जब सुपोषण की श्रेणी में आए नन्हे बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को स्नेह एवं आशीष दिया। सभी ने विधानसभा अध्यक्ष को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने पोट्ठ लईका पहल के तहत संवर्धित रेडी टू ईट वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। स्टॉल में रेडी टू ईट से बने पौष्टिक आहार प्रदर्शित गये थे।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले को कुपोषण मुक्त करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा यूनिसेफ एवं एबीस के सहयोग से पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालक चौपाल के माध्यम से तिरंगा भोजन एवं पौष्टिक भोजन के प्रति पालकों को जागरूक किया जा रहा है तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम के तहत लक्षित 3413 कुपोषित बच्चों में से 1147 बच्चे कुपोषण से बाहर आये हैं, जिसका प्रतिशत 33.61 है। पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम के तहत गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को संवर्द्धित रेडी टू ईट फूड का प्रदाय एबीस के सहयोग से प्रारंभ किया जा रहा है। रेडी टू ईट में सामान्य रेडी टू ईट से अधिक प्रोटीन एवं कैलोरी का समावेश किया गया है। जिससे गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को इसके नियमित सेवन से कुपोषण से बाहर लाया जा सकेगा। वर्तमान में राजनांदगांव ब्लॉक के 71 गंभीर कुपोषित बच्चों को संवर्द्धित रेडी टू ईट का प्रदाय प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही डोंगरगांव विकासखंड में भी संवर्द्धित रेडी टू ईट का प्रदाय प्रारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, भरत वर्मा, रमेश पटेल, कोमल राजपूत, शिव वर्मा, राजेश श्यामकर, दिनेश गांधी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

आज शरद पूर्णिमा, आसमान से चंद्रमा बरसाएगा अमृत

० जगह-जगह होंगे पूजा-पाठ के आयोजन, पूजी जाएगी ज्ञान की देवी मां सरस्वती - शारदा
० मंदिरों में पूजा-पाठ पश्चात खीर प्रसादी का होगा वितरण

राजनांदगांव (दावा)। आज अश्विनी मास की पूर्णिमा तिथि को शहर सहित पूरे अंचल भर में शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर, देवालयों में भव्य तैयारियां कर ली गई है। शहर के गंज लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, चंडी मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर सहित अन्यान्य मंदिरों समस्त शीतला मंदिरों में शरद पूर्णिमा मनाने की भव्य तैयारी कर ली गई है। आज देर रात तक यहां पूजा-भक्ति का माहौल बना रहेगा। भजन कीर्तन से लेकर जस जगराता, जस गीत गान की धूम बनी रहेंगी। देर रात चंद्र ज्योत्सना में पके औषधि युक्त खीर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बताया जाता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा के उजाले में पकाए गए खीर का सेवन करने से कई रोगों का नाश होता है। शारीरिक व्याधियां दूर होती है। खास कर स्वांस-दमा, अस्थमा संबंधी रोगों को इससे फायदा होता है। शहर के जीई रोड स्थित पाताल भैरवी मंदिर में आज शरद पूर्णिमा की रात लोगों में जहां जड़ी बूटी युक्त खीर प्रसादी बांटी जाएगी वहीं रात में लोगों के मनोरंजनार्थ लोक सांस्कृतिक संस्था स्वर-धारा का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

भगवान श्री कृष्ण ने रचाई थी रास लीला

शरद पूर्णिमा का पर्व भगवान श्री कृष्ण के वृंदावन में गोप-गोपियों के साथ रास रचाए जाने के लिए भी जाना जाता है। अश्विनी मास के शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा के उजाले में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने वृंदावन में गोप-गोपियों के साथ महारास रचाया था जिसे आत्मा का परमात्मा में मिलन व लय होने की भावना से लिया जाता है। भगवान श्री कृष्ण गीता में कहा भी हैं, महिनों में मैं मार्गशीर्ष हूं। अस्तु, भगवान श्री कृष्ण के तदाकार रुप शरद पूर्णिमा की रात स्थावर-जंगम सभी के लिए प्रकाश मय रहता है। अमृत मय बना रहता है। इस दिन चंद्र ज्योत्सना में पगे खीर का सेवन अमृत तुल्य होता है।

खीर प्रसादी का वितरण

बताया जाता है कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी धवल किरणों से धरती में अमृत बरसाता है। यही वजह है कि खुले आसमान के नीचे चंद्र ज्योत्सना में खीर का निर्माण कर उसे औषधि रुप में लोगों में वितरण किया जाता है। संस्कारधानी नगरी में विशेष कर गंज लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर, कामठी लाइन स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर व मंदिरों में आज पूजा-अर्चना की धूम रहेगी। श्री सत्यनारायण भगवान का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दुग्धाभिषेक किया जाएगा।

रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद गन्नू ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि पौराणिक मान्यता के अनुसार जड़ी बूटी युक्त खीर प्रसादी तैयार कर स्वांस दमा व अस्थमा पीड़ितों में ब्रह्ममुहुर्त में बांटी जाती है। वहीं छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के नाचा पद्धति व इसके अलावा लोक कला मंच व कलाकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शरद पूर्णिमा की रात रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में लोक गायक विष्णु कश्यप द्वारा संचालित स्वर धारा के कलाकारों द्वारा रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा।

शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचन नामावली तैयार करने व्यापक प्रचार-प्रसार करें- निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह

सभी जिला कलेक्टरों को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के निर्देश

रायपुर (दावा)। त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के आम/उप निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण किये जाने का कार्यक्रम प्रक्रियाधीन है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी जिला के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचक नामावली कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने कहा है, जिससे शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जा सके।

उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 16 अक्टूबर एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर निर्धारित है।

निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचक नामावली के प्रचार-प्रसार के साथ ही 16 अक्टूबर को अपने-अपने जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया के माध्यम से निर्वाचन से जुडी जानकारी देने कहा है।

निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रारंभिक प्रकाशन हेतु चिन्हांकित विविध स्थानों की जानकारी, दावें एवं आपत्तियों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित स्थलों की पंचायतवार, निकायवार एवं वार्डवार कुल संख्या की विस्तृत जानकारी देने कहा है। इसी तरह दावें एवं आपत्तियों को प्राप्त करने तथा उनका निराकरण करने हेतु निर्धारित तिथियां, निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिले द्वारा 'जाबो' अंतर्गत किये गये जागरूकता संबंधी कार्य सहित निर्वाचन संबंधी आवश्यक विषय पर जानकारी मीडिया को देने कहा है। जिससे मीडिया के माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारियां लोगों तक पहुंच सकें।

किरोड़ीमल नगर पंचायत के सीएमओ रिश्वत लेते पकड़े गए, काम के एवज में मांगे थे 10 हजार रुपये

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगए जिले में बिलासपुर से आई एसीबी की टीम ने मंगलवार की शाम किरोड़ीमल नगर पंचायत के सीएमओ रामायण पांडेय को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, वरूण सिंह निवासी आजाद चैक, किरोडीमल ने एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर में शिकायत की थी। जिसमें उसने बताया कि अपनी कंपनी एमएस भवानी ट्रेडर्स के लाइसेंस के लिए कार्यालय नगर पंचायत, किरोडीमल में आवेदन किया था। जिसका लाइसेंस देने के एवज में आरोपी रामायण प्रसाद पांडेय, प्रभारी सीएमओ किरोड़ीमल ने 20 हजार रुपये की मांग की थी। प्रार्थी नगर पंचायत किरोड़ीमल के सीएमओ रामायण पांडेय को रिश्वत नहीं देना चाहता था, लेकिन आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने प्रार्थी से 10 हजार रुपये ले लिये थे और आज सुनियोजित तरीके से जाल बिछाकर कर आरोपी रामायण प्रसाद पांडेय को प्रार्थी से शेष 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा लिया। आरोपी रामायण प्रसाद पांडेय को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।

चौकी चिखली ने मारपीट के आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुरानी रंजिश पर हुआ था विवाद

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने स्टेशन पारा में दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाली घटना के आरोपियों को धरदबोचा है और उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की है।

बताया जाता है कि प्रार्थिया द्वारा रविवार 12 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि घटना दिनांक की रात्रि स्टेशन रोड डायमंड टेलर के सामने मेरा पति लोकेश यादव को आसिफ अली व अनीस अली के द्वारा के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गाली-गलौच कर हाथ-मुक्का व बेल्ट से चेहरा बदन मे मारपीट किया तथा नाक को फोड़ दिया, जिससे खून निकल रहा था तथा जान से मारने की धमकी दिया है।

पुलिस द्वारा प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 351(2), 3(5) भा.ना.सं. का अपराध दर्ज किया गया और मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया। इधर प्रार्थिया के पति लोकेश यादव को चोट आने से जिला अस्पताल उपचार हेतु ले जाया गया जो डाक्टर द्वारा रिफर करने पर मेडिकल कालेज पेण्ड्री में भर्ती कराया गया। उपचार दौरान मुतजर लोकेश यादव का मुलाहिजा रिपोर्ट प्राप्त किया गया, विवेचना में धारा 117(2) बीएनएस जोड़ा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, प्रधान आरक्षक समारू सर्पा, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लाने एवं कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों का परिपालन सुनिश्चित के निर्देश दिए। उन्होंने सभी महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य से समन्वय स्थापित कर कोटपा एक्ट 2003 कार्यक्रम का संचालन करने कहा। कलेक्टर ने अक्टूबर से दिसम्बर 2024 में तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर निगरानी के निर्देश दिये। कोटपा कार्रवाई अंतर्गत सभी विभागों को कार्रवाई कर प्रतिमाह रिर्पोटिंग करने कहा गया है।

कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तम्बाकू मुक्त स्कूल बनाये जाने के साथ ही कोटपा एक्ट 2003 अंतर्गत 100 गज के अंतर्गत चलित तम्बाकू दुकानों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से किसी भी प्रकार की नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की और ग्राम स्तर पर मितानिनों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला समन्वयक, मितानिन को निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इन्द्रा नवीन प्रताप सिंह तोमर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर एवं जिला सलाहकार एनटीसीपी सुश्री निहारिका टोपनो सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चुनाव में डॉ. अशोक अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

संगठन की प्रांतीय आमसभा रायपुर में संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रांतीय साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक रविवार 13 अक्टूबर को रायपुर के एस एन पैलेस में राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के आतिथ्य में एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न नगरो, ग्रामों की स्थानीय अग्रवाल सभाओं के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के सैकड़ों सदस्य उपस्थित हुए।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि, बैठक का शुभारंभ भगवान श्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना मुख्य अतिथि प्रदीप मित्तल के द्वारा तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। स्वागत उद्बोधन नेतराम अग्रवाल ने दिया, उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष दीनदयाल गोयल एवं महामंत्री अनूप अग्रवाल ने दुपट्टा पहनाकर किया। प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, संघठन के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह एवं सभी सदस्यों के सहयोग से ही उक्त कार्यकाल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। उन्होंने इसके लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा समिति का कार्यकाल पूरा होने पर नए चुनाव कराने वर्तमान कार्यकारिणी सभा के भंग किए जाने की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल से नए चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया।

चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यो से संघठन के आगामी तीन वर्षीय कार्यकाल के संचालन के लिए नए अध्यक्ष के चयन हेतु नाम का प्रस्ताव रखने आग्रह किया। तब सर्वप्रथम निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने आगामी तीन वर्षीय कार्यकाल के अध्यक्ष पद के लिए संघठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं निवृतमान प्रांतीय चेयरमैन अशोक अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का अनुमोदन समर्थन महेंद्र सेक्सरिया, जयदेव सिंगल, कन्हैया अग्रवाल, संजय गर्ग सहित सभा में उपस्थित सैकड़ों सदस्यो ने अपने-अपने हाथ ऊपर उठकर किया। चुनाव अधिकारी ने सदस्यों से और किसी नाम के प्रस्ताव के लिए 15 मिनट का समय दिया। समय पूरा होने पर और कोई नाम नहीं आने पर, चुनाव अधिकारी बाबूलाल अग्रवाल ने अशोक अग्रवाल के नाम पर सर्वसम्मति मानते हुए अन्य किसी सदस्य के नाम का प्रस्ताव नहीं होने की बात कही तथा किसी अन्य के नाम का प्रस्ताव नही होने पर चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल ने करतल ध्वनि के बीच अशोक अग्रवाल के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की घोषणा की। सभा में उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों से अशोक अग्रवाल ने आशीर्वाद प्राप्त किया, अन्य सभी सदस्यो ने बधाईयां प्रदान करते हुए आगामी कार्यकाल में विशेष कार्य किए जाने हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। निवृतमान अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक अग्रवाल को अध्यक्षीय आसन पर बिठाकर सम्मान प्रदान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों का उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने के लिए आभार प्रकट किया एवं कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन को नई ऊंचाईयों की ओर ले जाने में सभी सदस्यो के सहयोग तथा सलाह से कार्य करेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष के लिए अशोक मोदी, कोरबा के नाम की घोषणा की, जिसका उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। कार्यकारिणी सभा के अन्य पदाधिकारियों का चयन नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ सदस्यो से सलाह लेकर शीघ्र किया जाएगा। सभा में उपस्थित राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न होने पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ की नई कार्यकारिणी सभा अपने कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे देश में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। आभार नवनियुक्त प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी ने व्यक्त किया।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आम जन से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में सभी विभागों के विकासखंड स्तरीय अमलों द्वारा ग्राम पंचायतों से लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को पहले से ही प्राप्त कर लिए जाए और इन सभी आवेदनों को निराकरण की प्रक्रियाएं समय पर पूरा करने के साथ इन शिविरों में निराकरण कर लिए जाए।

उन्होंने श्रम, कृषि, राजस्व, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को इस संबंध में विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इन योजनाओं में शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग विधिवत प्रयास करें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारी से कहा कि वे अपने विभाग के माध्यम से असंगठित एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिक पंजीयन कराना सुनिश्चित करें, वही राजस्व विभाग के अधिकारी सीमांकन, बटवारा के साथ ही भू-अभिलेखों को त्रुटि रहित बनाएं। उन्होंने छात्रों के निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र बनाने, दिव्यांगों के पहचान पत्र बनाने व उनकी सूची पंचायतवार तैयार करने, राशन कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है और उनकी जांच कर आवश्यकतानुसार दवाईयां उपलब्ध कराई जाती है। विभाग द्वारा प्रयास हो कि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि नक्शा, खसरा, बी-1 के साथ-साथ आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी प्रकार के पेंशन के समय पर भुगतान करने के निर्देश के साथ-साथ पात्र सभी हितग्राहियों को पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन आगामी 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

20 शिक्षक एवं एक कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित रहने के दिए गए कड़े निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल निर्देशानुसार विद्यालयों में एक साथ मॉनिटरिंग करने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर गठित टीम द्वारा जिले के 110 विद्यालयों एवं 30 संकुलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तत्काल जीवो टैग मैप के माध्यम से व्हॉट्सएप्प उपलब्ध कराया गया। गूगल शीट पर शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण में सभी स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन विधिवत संपन्न करने एवं विद्यालयों में शिक्षकों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने शासकीय हाई स्कूल आलीवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक श्रीमती मौसमी सांकरे की विद्यालय में नियमित उपस्थिति संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा के निरीक्षण के दौरान शिक्षक संजय ठाकरे, शिक्षक श्रीमती रोमा साहू व्याख्याता श्रीमती सुचिता मिश्रा अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आतरगांव छुरिया के निरीक्षण के दौरान व्याख्याता एलबी सीके साहू, व्याख्याता एलबी श्रीमती किरण साहू, सहायक ग्रेड 3 टिकेश्वर कुमार लहरे अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी तरह जिला एवं विकासखंड स्तर पर निरीक्षण में कुल 20 शिक्षक एवं एक सहायक ग्रेड-3 अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया और विलंब से विद्यालय आने वाले शिक्षकों को भविष्य में विलंब से शाला नहीं आने के संबंध में कड़ी चेतावनी दी गई। जिन विद्यालयों के शिक्षकों को चेतावनी दी गई उनमें व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगोंदी रामजी लाल चन्द्रवंशी, शासकीय प्राथमिक शाला देशहाटोला के बृजेश कुमार मंडावी, शासकीय प्राथमिक शाला साल्हे के खूबलाल महलार्य, शासकीय प्राथमिक शालासीताकसा के सहदेव सिंह ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला मोरकुंटुब के मुकेश कुमार मंडावी, शासकीय प्राथमिक शाला हेताड़कसा के प्रभात कुमार मरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडिय़ान कमलेश तिवारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठीटोला के रवि देशमुख, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसबोड़ डोमनलाल निषाद, सूर्यकांत शर्मा, विकास सिंह बघेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखत रेंगाकठेरा के विश्वनाथ कम्पैला, शासकीय प्राथमिक शाला उसरी बोड़ के भागवती प्रसाद बघेल शामिल हैं। संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों एवं कर्मचारियों का ऑनलाईन अवकाश पोर्टल में मिलान करने तथा संबंधित शिक्षक व कर्मचारी ने ऑनलाइन अवकाश हेतु आवेदन हेतु प्रविष्टि किया गया है अथवा नहीं सुनिश्चित करने कहा गया हैं।

अनमोल दावा

असफलता आपको अपनी गलती सुधारने और वापस दोगुनी ताकत से सफल होने के लिए प्रेरित करती है।

हरियाणा ने दिखाया कांग्रेस को आईना, भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत

महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी की सबसे मुखर समर्थक बनकर उभरी हैं। पिछले चुनावों की तरह ही इस बार भी शहरी मतदाता और शिक्षित युवा भाजपा के साथ मजबूती से खड़े रहे। इन सब कारणों से भाजपा हरियाणा में एक उम्मीद और प्रगति की पार्टी के रूप में उभरी जबकि कांग्रेस को दिन-प्रतिदिन एक निराशावादी और अराजक पार्टी के रूप में देखा जाने लगा।

हरियाणा विधानसभा चुनाव का जनादेश ऐतिहासिक है। पहली बार हरियाणा में किसी पार्टी ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। हरियाणा की राजनीति मजबूत क्षेत्रीय नेताओं, परिवारवाद और अस्थिरता के कारण जानी जाती रही है। राजनीति का प्रसिद्ध मुहावरा च्आया राम, गया रामज् हरियाणा से ही निकला।

ऐसे में सभी एक्जिट पोल को नकारता हरियाणा का परिणाम राज्य में मूलभूत परिवर्तन को दर्शाता है। यह जनादेश हरियाणा की जनता का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है। हरियाणा से तीन ओर से घिरे होने के कारण कांग्रेस की जीत दिल्ली के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती थी।

राहुल गांधी के अराजकतावादी एजेंडे के अंतर्गत दिल्ली को बार-बार आंदोलनों और धरना-प्रदर्शन के नाम पर बंद किया जाता। इससे मोदी सरकार का कामकाज और भारत की विकास यात्रा बाधित होती, लेकिन कांग्रेस यह भूल गई कि हरियाणा में राष्ट्रवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं और आम जनता राहुल गांधी के वामपंथी और अराजक एजेंडे को नहीं स्वीकारती।

हरियाणा की जनता ने आंदोलनों के नाम पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाईपास करने की कोशिश करने वाली राजनीति को नकारा है। खासतौर पर दिल्ली बार्डर से लगने वाले इलाकों में कांग्रेस की भारी हार हुई है। हरियाणा का नतीजा पिछले दस वर्षों की भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर मुहर है। 2014 में भाजपा हरियाणा की राजनीतिक संस्कृति में एक बदलाव के तौर पर आई।

यहां पहले जाति और परिवार आधारित सरपरस्ती हावी रहती थी और कानून का शासन दूसरे पायदान पर रहता था। यह सरकारी नौकरी की चयन प्रक्रिया में खासतौर पर दिखता था, जहां भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और जातिवाद हावी थे। भाजपा सरकार के तहत चयन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हुई और सरकारी नौकरियों में दो लाख से अधिक लोगों का चयन हुआ। हर जाति और क्षेत्र को इस नई प्रणाली का लाभ मिला।

'बिना खर्ची और पर्ची' की यह व्यवस्था युवाओं के बीच भाजपा के प्रति अडिग विश्वास का कारण बनी। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने का फैसला भी जीत का एक महत्वपूर्ण कारक है। सैनी पार्टी में जमीनी स्तर से उठकर ऊपर तक आए हैं और बहुत कम जनसंख्या वाले अति-पिछड़ा वर्ग से हैं।इससे पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता, दोनों में यह संदेश गया कि भाजपा ही एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है जिसमें कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या पारिवारिक पृष्ठभूमि से हो, शीर्ष पदों तक पहुंच सकता है। यह जीत भाजपा संगठन की भी जीत है।

हालिया लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित कांग्रेस की आक्रामकता के बावजूद भाजपा संगठन ने मजबूती से अपनी जमीन बनाए रखी। कांग्रेस द्वारा जमीन पर दी जा रही धमकियों और प्रलोभन के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता मजबूती से डटे रहे। उन्होंने घर-घर प्रचार किया, ड्राइंग रूम बैठकों का आयोजन किया, बाइक रैलियों का नेतृत्व किया। उन इलाकों में भी पूरी ताकत के साथ उम्मीदवार के साथ खड़े रहे, जहां जीत असंभव प्रतीत हो रही थी।भाजपा असाधारण काम करने वाले साधारण लोगों की पार्टी है, जिनके सामने कांग्रेस का सारा धन-बल और बाहुबल हार गया। अगस्त माह में नायब सिंह सैनी और तेजस्वी सूर्या की उपस्थिति में 30 साल से कम आयु के एक हजार युवा और छात्र नेता भाजपा में शामिल हुए, जिनमें से करीब 60 प्रतिशत जाट समुदाय से थे, जिसे कांग्रेस का मुख्य आधार-स्तंभ माना जाता है।इससे यह स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस द्वारा धन-बल के आधार पर बनाए जा रहे माहौल के विपरीत हरियाणा का युवा भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रचार के दौरान यह और भी स्पष्ट दिखने लगा कि युवा वर्ग जाति की सीमाओं से परे भाजपा का समर्थन कर रहा है, जो नए भारत की उम्मीद और महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है।

भाजपा का प्रचार और एजेंडा सर्वसमावेशी था। अपनी समावेशी नीतियों के कारण भाजपा दलितों और हाशिये पर रहने वाले वर्गों के बीच गहरी पैठ बना चुकी है, जो आज भी कांग्रेस शासन में व्याप्त सामाजिक दमन, हिंसा और सरकार का रवैया भूले नहीं हैं। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहली बार इन वर्गों तक पहुचीं। उन्हें गांव-समाज के दबंग तबकों पर निर्भर नहीं रहना पड़ा, जिससे दस वर्षों में राजनीतिक च्बंधुआ मजदूरीज् भी समाप्त हुई। भाजपा सरकार की योजनाओं ने न केवल किसानों को, बल्कि सीमांत किसानों और खेतिहर मजदूरों को भी लाभान्वित किया, जिनके हितों को पूर्ववर्ती सरकारों में सदैव नजरअंदाज किया गया था।

भारत और कनाडा के बिगड़ते रिश्तों के बीच क्या है आगे की राह?

आनंद के. सहाय

बीते साल जून में कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद जस्टिन ट्रूडो ने भारत की ओर उंगली उठाई थी. भारत ने उन आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया था. और उसके बाद दोनों देशों ने एक दूसरे के डिप्लोमैट्स को देश छोड़ने को कहा था.इसके बाद दोनों देशों के बीच तल्ख़ भाषा में बयानबाज़ी हुई थी. मौजूदा वक्त में दोनों देशों के बीच संबंध अपने सबसे ख़राब दौर से गुज़र रहे हैं. दोनों के बीच रिश्तों के सामान्य होने की संभावना कम दिख रही है.भारत का मानना है कि कुछ कनाडाई सिख भारत के भीतर एक अलग सिख देश बनाने के उद्देश्य से हिंसक ख़ालिस्तानी आंदोलन को बढ़ावा दे रहे हैं. यही तकरार का अहम बिंदु है.

करीब 40 साल पहले पंजाब में हिंसा के सबसे भयंकर दौर में भारतीय सेना ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पर विवादास्पद हमला किया था और फिर अक्टूबर 1984 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दो सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी.

इस पृष्ठभूमि में भारत कनाडा से ऐसे कुछ लोगों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की मांग करता रहा जिन पर भारत ख़ालिस्तानी समर्थक होने का आरोप लगाता रहा है. कनाडा ने भारत के ऐसे निवेदनों को अब तक अनसुना किया है.भारत हरदीप सिंह निज्जर को च्ख़ालिस्तानी आतंकवादीज् करार देता रहा है. लेकिन कनाडा का कहना है कि वो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रतता और व्यक्तिगत आज़ादी का हिमायती है और कनाडा किसी को अपनी राय रखने से नहीं रोक सकता.भारत ने सार्वजनिक तौर पर ये कहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो वहां के %सिख वोट बैंक% को रिझा रहे हैं और इसी कारण उनकी सरकार ख़ालिस्तानी समर्थकों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की भारत की मांग की नज़रअंदाज़ करती रही है.

अपने-अपने देश की आबादी के अनुपात में, कनाडा में भारत की तुलना में अधिक सिख हैं.भारत-कनाडा में लगातार ख़राब होते जा रहे रिश्तों में खटास हैरान करने वाली है.सोवियत यूनियन के विघटन के बाद किसी भी पश्चिमी देश के साथ भारत के संबंध इतने ख़राब नहीं रहे हैं. भारत ने कोल्ड वॉर के बाद अमेरिका की अगुवाई वाले पश्चिमी देशों के साथ रिश्ते सुधारे हैं और धीरे-धीरे एक मुकम्मल मार्केट इकोनमी बनने की दिशा में आगे बढ़ता रहा है.भारत ने जी7 और नेटो देशों के साथ आर्थिक, व्यापार और राजनीतिक रिश्ते सुधारने की कोशिश की है.कनाडा इन दोनों समूहों का हिस्सा है और अमेरिका के साथ उसके बेहद क़रीबी सैन्य संबंध हैं जो नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफ़ेंस कमांड यानी नोराड के ज़रिए प्रतिबिंबित होते हैं. दोनों के देशों की अर्थव्यवस्था भी एक दूसरे से करीबी रूप से जुड़ी हुई है. ये दिलचस्प है कि अमेरिका के किसी नज़दीकी सहयोगी के साथ भारत के रिश्तों में इतनी खटास आ गई हो. भारत बीते तीन दशकों से ख़ुद अमेरिका के साथ आर्थिक और सामरिक दिशा में बेहतर संबंध बनाने में प्रयासरत रहा है.दोनों देशों के बीच बिगड़ते रिश्तों के बीच सोमवार को भारत ने कहा कि वो कनाडा में अपने हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा और कुछ अन्य राजनयिकों को वापस बुला रहा है.लेकिन कनाडा ने कहा कि दरअसल उसने संजय कुमार वर्मा समेत छह भारतीय राजनयिकों और कंसुलर अधिकारियों को निष्कासित कर दिया है क्योंकि भारत ने इन्हें मिली डिप्लोमेटिक और कंसुलर इम्युनिटी हटाने और कनाडा के साथ जांच में सहयोग करने से मना कर दिया था. भारतीय राजनयिकों और अधिकारियों को निकालने के बाद नई दिल्ली ने छह कनाडाई राजनयिकों को निकालने की घोषणा की. इनमें कार्यकारी उच्चायुक्त स्टुअर्ट रॉस व्हीलर भी शामिल थे.एक-दूसरे के राजनयिकों को निकालने का फ़ैसला तब सामने आया है जब निज्जर हत्या मामले में कनाडा ने भारतीय राजनयिकों और उच्चायोग के दूसरे अधिकारियों को च्पर्सन्स ऑफ़ इंटरेस्टज् बताया है.कनाडा में च्पर्सन्स ऑफ़ इंटरेस्टज् उसे कहा जाता है जिसको लेकर जांचकर्ता मानते हैं कि उस शख़्स को किसी अपराध की महत्वपूर्ण जानकारी है.सितंबर 2023 में निज्जर की हत्या के बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में बयान दिया था कि कनाडा के पास इस अपराध में भारतीय अधिकारियों के शामिल होने के च्ठोस सबूतज् हैं.भारत ने इस दावे को सिरे से ख़ारिज करते हुए कनाडा से सबूत की मांग की थी.सोमवार को कनाडा के उच्चायुक्त को देश से निकालने की घोषणा के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा था कि ट्रूडो सरकार ने भारतीय अधिकारियों के ख़िलाफ़ अपने आरोपों के समर्थन में भारत को च्सबूत का एक टुकड़ाज् तक नहीं दिखाया था. विदेश मंत्रालय ने कनाडा को लेकर ये भी कहा था कि वो च्राजनीतिक लाभ के लिए भारत को बदनाम कर रहा है.दिलचस्प रूप से कनाडा के कार्यकारी उच्चायुक्त जिन्हें अब निकाल दिया गया है, उन्होंने इसका जवाब दिया था.उन्होंने कहा था कि कनाडा ने भारत सरकार की सभी मांगों को पूरा किया और भारत सरकार को भारतीय एजेंटों और उनके निज्जर हत्या मामले से जुड़े होने के सबूत दिए गए थे. उन्होंने आगे कहा था कि अब ये भारत के ऊपर था कि वो अगला क़दम उठाता. कनाडा ने भारत को किस गुणवत्ता का सबूत देने का दावा किया है उसे आज नहीं तो कल ज़रूर तौला जाएगा लेकिन ये साफ़ नहीं है कि कनाडा ने ये सबूत कब दिए थे. इस स्तर पर किसी भी हालत में संबंधों को सुधारने की प्रक्रिया की शुरुआत होने की संभावना नहीं है. नकारात्मक दिशा में बहुत कुछ बहुत तेज़ी से हुआ है.प्रधानमंत्री ट्रूडो और प्रधानमंत्री मोदी के बीच इस साल जून में इटली में जी-7 से इतर द्विपक्षीय मुलाक़ात हुई थी. वहीं आसियान सम्मेलन से बीते शुक्रवार को भी दोनों नेता मिल चुके थे लेकिन इससे ये ज़रा भी संकेत नहीं मिल सकता था कि संबंध इस स्तर पर पहुंच जाएंगे.समाचार एजेंसी एएनआई ने भारतीय अधिकारियों के हवाले से बताया था कि लाओस की बैठक छोटी और अनाधिकारिक थी, इससे च्कुछ भी ठोस बाहर नहीं आया था.ज्सूत्रों के हवाले से कहा गया, ÷भारत विरोधी तत्वों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गारंटी के बग़ैर संबंधों में सुधार मुश्किल होगा.ज्ज् ये कोई आधिकारिक बयान नहीं था लेकिन इससे इस मामले पर भारत की सोच का पता चलता है.ये एक टेढ़ी खीर लगता है. सीबीसी न्यूज़ ने ट्रूडो के हवाले से कहा था, ÷मैंने ज़ोर देकर कहा था कि हमें काम करने की ज़रूरत है...इसमें मेरा फ़ोकस कनाडा के लोगों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का पालन है.÷विएंटाइन में दोनों देशों के नेताओं के बीच मुलाक़ात से पहले हिंदुस्तान टाइम्स ने कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के हवाले से कहा था कि भारत के साथ संबंध तनावपूर्ण और बहुत मुश्किल हैं. उन्होंने डर जताया था कि कनाडा की ज़मीन पर %निज्जर जैसे क़त्ल% आगे भी हो सकते हैं.ये साफ़ है कि कनाडा फ़िलहाल इस मसले को गर्म रखना चाहता है. और जैसे कि देखा जा रहा है भारत भी इस समस्या के हल के लिए किसी किस्म की गंभीर डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाने के प्रति इच्छुक नहीं दिख रहा है.भारत में एक विचार ये है कि अक्तूबर 2025 में कनाडा में होने वाले आम चुनावों में ट्रूडो हार जाएंगे और जब दोनों देशों के बीच संबंधों में नई शुरूआत का अवसर मिलेगा. लेकिन कनाडा की संसद के भीतर भारत के ख़िलाफ़ लगाए गए आरोपों से पार पाना आसान नहीं होगा.दिलचस्प ये है कि इस सारे बखेड़े में एक अमेरिकी एंगल भी है. सितंबर 2023 में कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर आरोप लगाए थे. इसके कुछ हफ़्ते बाद अमेरिकी संघीय अदालत ने निखिल गुप्ता नाम के भारतीय नागरिक को अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साज़िश में नामित किया था. पन्नू ख़ालिस्तान की हिमायत करने वाले अमेरिकी वकील हैं.सवाल ये है कि क्या अमेरिका ने कनाडा के साथ मिलकर निखिल गुप्ता वाले केस की टाइमिंग तय की थी?क्या ट्रूडो का संसद में बयान अमेरिका को कंसल्ट करने के बाद दिया गया था? हाल ही में पन्नू ने कुछ भारतीय अधिकारियों के ख़िलाफ़ दीवानी मुकदमें दर्ज किए हैं. इनमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल का नाम भी शामिल है. यही कारण था कि संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक सम्मेलन में परंपरा के ख़िलाफ़ जाते हुए भारतीय प्रधानमंत्री के साथ भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नहीं गए थे. इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में एक दिलचस्प आयाम पर भी विचार सामने आता है. अमेरिका ने निस्संदेह भारत के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक विकसित किया है, लेकिन यह उसके अंतरराष्ट्रीय आचरण की प्रकृति में है कि जब भी मौका मिले एक अच्छे दोस्तों को भी थोड़ा दूर रखा जाए - ताकि बाद में किसी समय अच्छा सौदा किया जा सके.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 288 श्री राम ने जनता से कहा, 'यह राजप्रासाद नहीं बल्कि जनप्रासाद है'

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

विशाल और भव्य मुख्य द्वार एक चौड़े समतल आधार पर है। श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी वहीं अवतरित हुए हैं। श्री राम ने कोमल राजसी रेशमी वस्त्रों का त्याग कर दिया है और उसके स्थान पर उन्होंने भगवा रंग के वल्कल धारण कर लिए हैं। उनके शीश पर मुकुट नहीं है और उनके लंबे सुंदर बाल पृष्ठ भाग में गर्दन तक लहरा रहे हैं।उनके हाथ में धनुष है और पृष्ठ में स्थित तूणीर में बाण हैं। मस्तक पर तिलक और गले में सुंदर माला शोभित है। कानों में कुंडल उनके व्यक्तित्व को एक दिव्यता प्रदान कर रहे हैं। श्री राम का ओजस्वी मुख उनकी सौम्यता के कारण उन्हें एक विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान करता है। उनका सौंदर्य जैसे कोटि कामदेवों की संयुक्त छवि को भी धूमिल कर दे।लक्ष्मण जी भी अपने भ्राता का प्रतिरूप दिखाई दे रहे हैं। देवी सीता गैरिक वस्त्रों में सादगी, साधना और पवित्रता की जीवंत मूर्ति हैं। उनके सिर पर पल्लू है और उनकी बड़ी-बड़ी बोलती आंखों में दृढ़ता है,जैसे वे अपने पति के प्रत्येक भावी पग में उनका अनुसरण करेंगीं और आवश्यकता होने पर बराबरी से उनकी सहायता भी करेंगीं। अन्नपूर्णा की साक्षात अवतार माता सीता को देखते ही हृदय में श्रद्धा और भक्ति भाव का संचार होने लगता है।

श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी ने हाथ जोड़कर प्रजा का अभिवादन किया। प्रजा पहले से ही अपने हाथ जोड़कर और हर्ष ध्वनि के साथ उनका स्वागत कर रही है। श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी को देखते ही कोलाहल थमने लगा है। श्री राम ने उपस्थित अपार जनसमूह को उच्च स्वर में संबोधित करना प्रारंभ किया, हे मेरे अयोध्यावासी प्रिय प्रजाजन ! यह दशरथ पुत्र राम आप सभी का अभिवादन और अभिनंदन करता है। आप जब-जब इस राजप्रासाद में पधारे हैं,तब तब मुझे इस बात की अनुभूति होती है कि समूची अयोध्या ही मेरा परिवार है। जब मैं आप लोगों से भेंट के लिए नगर में भ्रमण करता हूं या अयोध्या से बाहर कौशल राज्य के किसी गांव में जाता हूं तो भी मुझे यही अनुभूति होती है कि जैसे मैं अपने विराट परिवार के एक कोने में पहुंच गया हूं और अपने ही परिवारजन से संवाद कर रहा हूं। आपके सुख-दुख अयोध्या राज परिवार के हैं और आप हमसे अलग नहीं हैं। कौशल राज्य में जन ही सर्वोपरि है और यह राजप्रासाद वास्तव में जनप्रासाद है।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -208

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 207 का हल

सू- दोकू क्र. 208

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.207 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

सामयिक चर्चा

अच्छे दिन स्कूलों के, अब कहां ?

बानी बाबू बच्चों को
स्कूल जाते देखकर
अपने स्कूली के दिनों की याद कर
ऐसे खो गए,
कि वे स्वयं बच्चे हो गए।
बोले - गजाधर ! वे क्या दिन थे
हम पुलकित मन स्कूल जाते थे।
हमें, हमारे टीचर
तन्मय होकर पढ़ाते थे।
ऐसा लगता था
सर पढ़ाते रहें,
और हम दत्तचिन्त उनकी बातें
सुनते रहें, पर घंटों बज जाता था।
पढ़ाई रूक जाती थी।
तब मन उदास हो जाता था।
और आपको तो यह भी मालूम है,
हमारे टीचर, हमारा कितना ख्याल रखते थे।
सात आठ बजे रात को,
जब हमारे घर के पास से गुजरते थे,
तो घर आकर देख लिया, करते थे,
कि उनका छात्र पढ़ रहा है
या होमवर्क कर रहा है।
होमवर्क करते देख वे पास बैठ जाते थे
और खुद होमवर्क कराते थे।
पर अब तो भैया ! क्या कहें?
स्कूल, जिसे विद्या का मंदिर कहते हैं,
के दिन ऐसे फिरे..... !
गजाधर ने बात पूरी की -
'कि जिला शिक्षा अधिकारी ने
जब स्कूलों का निरीक्षण किया
तो बीस शिक्षकें गायब मिले।'

गिरीश बख्शी

कविता

खेत के धानी झमाझम लागे

खेती के धानी हर झमाझम लागय
दाई अन्नपूरना ह अब प्रगट लागय,
अगरी के अगरी करपा हर माढ़य
दाई किसानीन के भाग हर जागय।
गाढ़ा के भर-भर, भारा हर बंधाए
बियांरा म खरही धान गनजावय,
मंझ बियांरा म खूंटा हर गड़यावय
सुघर बईला के हे दंवरी फन्दावय।
रास कुढ़ागे हे बियांरा के भर-भर
फूल-गोंदा पिंवरी सुघर हे चढ़ाए,
मोखरा काँटा म नजर हे उतारय
पैरा काजर म सुग्गर टिका लगाए।
आगे हे देवारी-सुरहुत्ती जेठऊनी
घर-अंगना, तुलसी-लक्ष्म बिराजे
गौरा-गौरी के लगन ह अब धरागे
दुलहा महादेव जी के बरात आगे।
कुहकी सँग दोहा मारय पहटईया
अपन गोरईया के माथ नवावय,
दया-मया हर बरमासी राहय तोर
मातर-मड़ई म तोर किरपा राहय।

अशोक पटेल "आशु"
मेघा-धमतरी (छ.ग.)

राशिफल

मेष
आज आपको धन का लाभ मिलेगा। कोई विशेष कार्य जो बहुत दिनों से अटका हुआ पड़ा था वो पूरे होंगें। आज समाज में आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।। आज किसी के साथ भी बेकार कके वाद विवाद में नहीं पड़े। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत पड़ेगी।

वृषभ
आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। वहीं उधार दिया हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के जगह उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको समाधान मिल जाएगा।

मिथुन
आज आपका दिन अति उत्तम बना रहेगा। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप खुद में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

कर्क
आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। घर के बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद आपके मनोबल को बनाकर रखेगा। शुभ रंग और अंक- बैंगनी, 1

सिंह
आज आपको किसी काम में अपार सफलता मिलेगी। वहीं छात्रों को आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। वहीं सिंह राशि के जातक आज अपने खर्चों पर कंट्रोल करें वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कन्या
आज का दिन आपकी काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कई बड़ी डील मिल सकती है जिससे धन का अपार लाभ हो सकता है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। स्वास्थय आज पहले से फिट रहेगा। वहीं आज आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और घर-परिवार में खुशियां ही खुशियां बनी रहेंगी।

तुला
आज इस राशि के जातक अपने गुस्से पर कंट्रोल रखें अन्यथा कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सूचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

वृश्चिक
आज दोस्तों के साथ दिन शानदार बीतेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले। आज अपने भविष्य और करियर के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करें।

धनु
आज इस राशि के जातकों को धन का लाभ मिलेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। वहीं परिवार में पिछले जिस गलतियों की वजह से आपके रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे वो आज जीवनसाथी की मदद से ठीक हो जाएंगे।

मकर
अपने कामों से संबंधित जानकारी बढ़ाएंगे, इससे जल्द ही आपको कुछ उपलब्धियां हासिल होंगी। अगर जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। वरना नुकसान हो सकता है। आज कार्यस्थल पर चापलूस लोगों से सावधान रहें।

कुंभ
आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है।

मीन
जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपको व्यापार में धन लाभ मिलेगा।

दो दिनों से एसडीएम कार्यालय में धरने पर बैठे ग्रामीण वापस लौटे

० हताश होकर सामूहिक आत्महत्या की बात पर प्रशासन की नींद उड़ी
० तीन वर्षों के लंबे संघर्ष के सिर्फ रिकवरी के आदेश से निराश हैं ग्रामीण

डोंगरगांव (दावा)। अनुभाग क्षेत्र के ग्राम झाड़ीखैरी के ग्रामीण नगर के एसडीएम कार्यालय में सरपंच के खिलाफ विगत दो दिनों से धरने पर बैठे रहे. बता दें कि पिछले एक माह पूर्व भी झाड़ीखैरी के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय का घेराव कर भ्रष्ट सरपंच को हटाने की मांग कर रहे थे वहीं निर्णय में हो रही लगातार देरी से भी ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं, इसी मामले को लेकर सोमवार सुबह 10 बजे से ग्रामीण डोंगरगांव एसडीएम कार्यालय में डटे रहे और देर शाम एसडीएम न्यायालय से जांच के बाद निर्णय ग्रामीणों को सुनाया गया तो वे इस निर्णय से असंतुष्ट होकर धरने पर बैठ गए, 14 अक्टूबर की रात्रि से लेकर 15 अक्टूबर देर शाम तक धरने पर बैठे रहे जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। इधर ग्रामीण मामले में कोई भी हल निकलता नहीं देख सामूहिक आत्महत्या की अनुमति की मांग की, जिसके बाद स्थानीय व जिला प्रशासन हरकत में आया और समझाईश के लिए अपर कलेक्टर सी.एल.मारकण्डे सहित तहसीलदार, एसडीओपी, टी आई और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया. वहीं मंगलवार देर शाम तक प्रशासन न्यायालयीन प्रक्रिया का हवाला देते हुए ग्रामीणों को आगे अपील करने की बात कहते रहे, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हुए और शासन-प्रशासन को जमकर कोसा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झाड़ीखैरी के सरपंच हेमसिंग निर्मलकर के व्दारा ग्राम में वित्तीय अनियमितता और दबंगई के चलते ग्रामीण परेशान हैं और इसके लिए वे विगत 3 वर्षों से हटाने की मांग करते आ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर प्रशासन के अधिकारियों तक अपना आवेदन निवेदन प्रस्तुत किया किन्तु न्यायालय व्दारा किए गए आदेश में सरपंच सहित अन्य लिप्त लोगों से करीब 19 लाख की वसूली की बात कही गई, जिससे ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं और वे लगातार सरपंच को हटाने की मांग कर रहे हैं। अंततः प्रशासन की ओर से पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को दो टूक में बात करते हुए अपील करने की बात कही, इधर हताश ग्रामीणों का कहना है कि अब वे इस मामले में शासन प्रशासन से उचित न्याय की कोई उम्मीद नहीं हैं और अब कोई भी अपील नहीं करेंगे। वे इस मामले को लेकर गत 3 वर्षों से लड़ाई लड़ रहे हैं और देरी से मिलने वाला न्याय अन्याय के समान ही है।

उल्लास 'नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सभी विभाग के समन्वित प्रयास से जिला होगा पूर्ण साक्षर विभागीय समन्वय हेतु बैठक संपन्न

० जिले को करना है पूर्ण साक्षर
० कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशन में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण संजय अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जिले में 'उल्लास' नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के सफल संचालन व क्रियान्वयन हेतु आज विभागीय समन्वय हेतु बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय समन्वय से कार्यक्रम संचालित करने एवं विभागों के सहयोग से असाक्षरों को साक्षर किए जाने हेतु कहा गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, सभी विभागों को जिले को पूर्ण साक्षर करने हेतु सम्मन्वित प्रयास करने कहा गया ।

कलेक्टर ने कहा कि साक्षरता के पुनीत कार्य में सभी विभाग अपनी सहभागिता अवश्य दें और जिले को पूर्ण साक्षर करने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के संबंध में जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं विभिन्न विभागों के अलग-अलग कार्यों को जो साक्षरता कार्यक्रम में विभाग सहयोग प्रदान करेंगे उसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिले में उल्लास साक्षरता केन्द्रों में साक्षरता कक्षाओं का संचालन स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते हुए किया जा रहा है। जिसमें पठन -पाठन के साथ ही डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता आदि विषयों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया है, तत्पश्चात विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संकुल समन्वयक के द्वारा संकुल स्तर पर प्रधान पाठक एवं ग्राम प्रभारी को प्रशिक्षण दिया गया ग्राम प्रभारी के द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण में ग्राम /वार्ड के सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मिलित किया गया है। जिले में 40000 असाक्षरों का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध कुल 42492 असाक्षरों का चिन्हांकन कर पंजीयन किया गया है, इन्हें पठन-पाठन कराने हेतु 4415 स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन कर प्रशिक्षण दिया गया है। कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं उल्लास साक्षरता केंद्र में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जो की ग्राम के प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शालाओं में स्थित है। इस कार्यक्रम की सतत् मॉनिटरिंग जिला स्तर, विकास खंड स्तर, संकुल स्तर पर की जा रही है।

कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड राजनांदगाँव, डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में असाक्षरों का चिन्हांकन एवं उन्हें पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन विकासखंड के सभी ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कर किया गया है। असाक्षरों के चिन्हांकन के दौरान प्रति केन्द्र पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया है।

पहला कॉलम...

दशहरा पर्व पर डोंगरगढ़ थाना और मोहरा चौकी में की गयी शस्त्र पूजा

डोंगरगढ़(दावा)। विजयदशमी के शुभ अवसर पर डोंगरगढ़ थाने मे एस डीओपी आशीष कुंजम थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा एवम समस्त थाना स्टाफ् और पुलिस चौकी मोहारा में चौकी प्रभारी ढाल सिंह साहू, समस्त पुलिस स्टॉफ, गणमान्य ग्रामीणों के साथ विजयदशमी पर्व के अवसर पर विधिवत शस्त्र पूजा कर समस्त क्षेत्रवासियों व पुलिस स्टॉफ को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी गई।

भागवत साहू की माता को मोहन मरकाम ने दी श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़(दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम टेडेसरा में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू की माता जी स्व. श्रीमती तेजबाई साहू के दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं चौका आरती में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, नगर पालिका अध्यक्ष डोंगरगढ़ सुदेश मेश्राम, डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक अध्यक्ष विजय राज चौहान, किरण मेश्राम सहित अन्य उपस्थित रहे।

माँ सरस्वती हवन पूजन में सम्मिलित हुई विधायक श्रीमती बघेल

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम अछोली में माँ सरस्वती हवन पूजन का आयोजन किया गया। पूजा में सम्मिलित हुई विधायक श्रीमती बघेल ने हवन पूजन के उपरान्त भंडारा प्रसादी वितरण कर समस्त समिति को धन्यवाद ज्ञापित की और महिला समूह के महिलाओं को श्रीफल एवं नगद राशि देकर प्रोत्साहित की। इस गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित फिरंगी पटेल, योधन दास साहू, जगदेव साहू, भुनेश्वर साहू, रूपेश वर्मा, सौरभ साहू समस्त महिला समूह के सदस्यगण एवं ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कल बोईरडीह में शरद पूर्णिमा दशहरा उत्सव



हरदी (दावा)। डौंडी लोहारा विकासखंड के बोइरडीह (रानीतराई रोड) में 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। यहां का दशहरा का अंचल में काफी प्रसिद्ध है। दूर-दूर से लोग इस उत्सव को देखने के लिए पहुंचते हैं गांव के पंडित त्रिलोकी शर्मा ने बताया कि वर्ष 1968 मे क्रांकिट से 20 फीट की बैठी हुई रावण की मूर्ति स्थापित किया गया है। दशहरे के दिन ढोल नगाड़े के साथ राम लक्ष्मण व उनकी सेना जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झांकी रूपी हाथी में सवार होकर रावण के मूर्ति के पास पहुंचकर अग्निबाण छोड़ने के रस्म अदा करते है। गांव की रामलीला मंडली द्वारा राम रावण संवाद प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही लोगों की मनोरंजन के लिए रात्रि में जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जीर्राटोला अंबागढ़ चौकी मोहला वालों की प्रस्तुति होगी।

दिग्विजय कॉलेज में वीमेन हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर व्याख्यान एवं निःशुल्क परामर्श कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 15 अक्टूबर को दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग, विज्ञान क्लब, रेडक्रॉस, महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान के संयुक्त तत्वाधान में वीमेन हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर व्याख्यान एवं निःशुल्क परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनीशा कुर्रे एमबीबीएस, मेडिकल कॉलेज पेंडरी राजनांदगांव से उपस्थित थी। उनके साथ उनके सहयोगी डॉ. दीपशिखा निर्मलकर एवं डॉ. मऊ चटर्जी भी उपस्थित थी। कार्यक्रम में छात्राओं को महावारी स्वच्छता, सुरक्षित यौन संबंध, परिवार नियोजन एवं गर्भाशय संबंधी बीमारियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एचआईवी और एड्स के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्राओं को क्यूआर कोड के माध्यम से प्रश्नावली उपलब्ध कराई गई एवं छात्राओं को प्रश्नों का सही जवाब देने पर पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि आज की छात्राएं कल की भविष्य हैं। परिवार में प्रत्येक महिला का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि महिलाएं परिवार की मजबूत नींव होती हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महाविद्यालय में समय-समय पर छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है और उनके समस्याओं का समाधान किया जाता हैं। कार्यक्रम में डॉ किरण लता दामले, डॉ मीना प्रसाद, डॉ अंजली मोहन कोड़ोपी, प्रो करुणा रावते तथा अन्य विभागों की महिला प्राध्यापिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो वंदना मिश्रा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ किरण लता दामले ने किया।

68वें धम्म चक्र परिवर्तन दिवस पर सामूहिक वंदना कर याद किया गया डॉ. अंबेडकर को

डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार द्वारा आयोजित 68वां धम्मचक्र परिवर्तन दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विहार में परित्राण पाठ किया गया। इसके बाद तहसील कार्यालय स्थित बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धम्म गुरु भंते नागरत्न के मार्गदर्शन में सामूहिक वंदना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भंते नागरत्न ने कहा कि बाबा साहब को दलित परिवार में जन्म लेने के कारण बहुत भेदभाव सहन करना पड़ा था। उन्होंने बहुजनों के जीवन में सुधार के लिए अथक प्रयास किया। कई वर्षों तक अनेक धर्मों के बारे में अध्ययन किया तब अंतः बौद्ध धर्म को ग्रहण किया तथा नागपुर के दीक्षा भूमि पर अपने 5 लाख अनुयायियों के साथ 14 अक्टूबर 1956 को हिंदू धर्म त्याग कर बौद्ध धर्म ग्रहण किया। तब से ही इस दिन को धर्म चक्र परिवर्तन दिवस के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम में बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पार्षद प्रतिनिधि अनीता लोकेश इंदुलकर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम, भीम सेना अध्यक्ष शुभम बौद्ध, किरण मेश्राम, अनिल सहारे, सिद्धार्थ नागदेवे, दीपक ऊके, गौतम रामटेके, वामन चन्द्रिकापुरे, बादल वालदे, चंद्रशेखर बोरकर, मनोज चन्द्रिकापुरे सहित बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थीं।

रेलवे ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन कर स्वच्छता के प्रति आम जनों को जागृत किया

डोंगरगढ़(दावा)। स्वच्छ भारत-स्वच्छ रेल के तहत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारतीय रेलवे में स्वच्छता पखवाडा दिनांक 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मनाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल में श्रीमती नमिता त्रिपाठी मण्डल रेल प्रबन्धक के नेतृत्व में मण्डल के नामित विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वाणिज्य निरीक्षक, परिवेक्षक, कर्मचारियों व गैर सरकारी संस्थाओं, रेल समिति के मेम्बर, स्काउट-गाइड आदि की भागीदारी के साथ मण्डल के स्टेशनों पर गहन सफाई अभियान चलाकर लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ायी गई।

स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रसंग के आधार पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। रेल परिसरों एवं स्टेशनों में स्वच्छता संबंधी बैनर-पोस्टर प्रदर्शित कर उद्घोषणा के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया साथ ही सभी ने स्वच्छता के प्रति शपथ ली कि न गंदगी करेंगे न ही किसी और को गंदगी करने देंगें। 15 अक्टूबर को समीक्षा के अंतर्गत स्वच्छता पर लेक्चर व डिबेट के उत्कृष्ट वक्ता को पुरस्कृत करने हेतु चिन्हित किया गया एवं इस पूरे पखवाड़े के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस पूरे स्वच्छता अभियान में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा मंडल के सभी कार्यपरिसरों, कुल 70 रेलवे कॉलोनियों, सभी छोटे/बड़े 92 रेलवे स्टेशनों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मंडल से गुजरने वाली लगभग 20 रेल गाड़ियों के कोचों एवं पैंट्रीकारों में स्वच्छता अभियान चलाकर यात्रियों को बेहतर खानपान सुविधा मुहैया कराने हेतु खानपान सामग्री को सुरक्षित रखने, निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे न लेने, सफाई एवं मेनू रेट चार्ट का जायजा सहित पेंट्री कार में स्मोक डिटेक्टर, अग्निशमन यंत्र, विद्युत उपकरणों तथा अन्य अग्नि सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच कर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की गई और करीब 250 यात्रियों से फीड बैक लिया गया। वहीं स्टेशनों पर पानी की शुद्धता की जांच एवं यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई तथा पीने के पानी के लिए चेकिंग में उपयोग आने वाले टेस्टिंग किट एवं रसायनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। साथ ही पेयजल का सदुपयोग करने, पेयजल के स्थानों को गंदगी ना करने, पेयजल के स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने में रेल प्रशासन को सहयोग करने की अपील यात्रियों से की गई। इस दौरान करीब 80 शौचालयों की सफाई व 82 खानपान स्टॉलों का निरीक्षण तथा 06 रेलवे प्लेटफॉर्म को कचरा मुक्त घोषित किया गया। इस पूरे कार्य में कुल 40 अधिकारियों ने भी स्वयं श्रमदान कर अपना योगदान दिया। पखवाड़े के दौरान 06 प्रभात फेरी के अलावा मोतीबाग, नैनपुर, तुमसररोड़, गोंदिया, राजनांदगाँव में नुक्कड़ नाटक और स्टेशनों/परिसरों में स्वच्छता रैली के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्टेशनों /रेल परिसरों से कचरे का निपटान सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार पर विशेष ज़ोर देने के साथ-साथ लगभग 20 स्टेशनों में स्वच्छता सेल्फी पॉइंट तथा मंडल के विभिन्न स्टेशनों में लगभग 150 पोस्टर/बैनर प्रदर्शित कर स्वच्छता के प्रति यात्रियों को जागरूक किया गया।

पूर्व पीसीसी चीफ मरकाम ने किया मंदिर दर्शन

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शनार्थ पंहुचने पर कांग्रेस जनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन कर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया।

इस दौरान उनके साथ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल पूर्व मंत्री धनेश पाटिला जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा संभागीय प्रवक्ता कमलजीत पिंटू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा व विजय राज सिंह धीरेन्द्र प्रताप सिंह संजय श्रीवास्तव संध्या देशपांडे धीरज मेश्राम संजीव गोमास्ता, मेहुल मारू शिव निषाद रिम्मी भाटिया हरिश भंडारी राजकुमार गढ़ेवाल, शिशुपाल भारती, जितेन्द्र भाटिया, किरण मेश्राम, दुलीचंद बडोले, राजेन्द्र वर्मा, संजीव गुप्ता, प्रजेश सहारे, गिरीराज तापड़िया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

विजयदशमी पर हुआ रावण दहन, भव्य आतिशबाजी के बीच लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी स्थित हाईस्कूल मैदान मे विजयदशमी का मुख्य पर्व दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। 35 फिट ऊंचे रावण का दहन किया गया। रावण दहन के पूर्व और रावण दहन के दौरान भी आकर्षक आतिशबाजी देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, विनोद खांडेकर, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष किशोर जैन पूर्व मंत्री धनेश पाटीला थानेश्वर पाटीला कांग्रेसी नेता विष्णु लोधी, जनरैल सिंह अरोरा श्रीमती संध्या देशपांडे सहित अन्य गणमान्य जन मंच पर उपस्थित थे। रावण दहन के पूर्व शहर स्थित प्राचीन नरसिंह मंदीर से निकल कर भगवान् का डोला मारवाड़ी धर्मशाला पहुंचा। जहाँ गाजे बाजे के साथ राम भगवान् की सेना नगर भ्रमण करते हुए हाईस्कूल मैदान पहुंची। जहाँ पहले भगवान् की पूजा अर्चना की गयी उसके पश्चात भजन मंडली द्वारा श्री राम चौपाई गाया गया। फिर राम लीला मंडली अंडी फक्की टोला द्वारा राम लिला का मंचन किया गया, उसके बाद दशहरा उत्सव में आये अतिथियों द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम किया गया।

खैरागढ़ कालेज में जनजातीय गौरव कार्यशाला पर बैठक आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। छ.ग.शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जनजातीय गौरव कार्यशाला पर जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत - ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजन संबंधी बैठक 15 अक्टूबर मंगलवार को संपन्न हुआ। बैठक में छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव, कार्यक्रम संयोजक प्रो. भबीता मंडावी, सहसंयोजक प्रो. मोनिका जत्ती, प्रो. सतीश कुमार, प्रो. मनीषा नायक, सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री सुलेखा कुजूर आदि उपस्थित रहे। बैठक में देश के जनजातीय नायकों की वीरगाथा, जनजातीय कला एवं संस्कृति विषय पर भाषण, चित्रकला, रंगोली, मेंहदी, प्रदर्शनी, नृत्य, नाटक, गायन आदि प्रतियोगिताएं 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित होगी। छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव ने जनजातीय क्रांतिकारियों का स्वतंत्रता संग्राम और अपने समुदाय के उत्थान में इतिहास पुरुष बिरसा मुंडा जी के अहम योगदान को रेखांकित किया। रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज एवं नवीन कन्या कालेज के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता में कन्या कालेज से श्रद्धा वर्मा प्रथम, अल्फिया मेमन द्वितीय, दुर्गा धुर्वे तृतीय रहे,चित्रकला में मुस्कान प्रथम, तान्या सोनवानी, पल्लवी यादव द्वितीय, प्रीति वर्मा तृतीय रहे। रानी रश्मिदेवी कालेज से भाषण प्रतियोगिता में देवेन्द्र पटेल प्रथम, सोहन साहु द्वितीय, वसु वर्मा तृतीय रहे चित्रकला प्रतियोगिता में लावन्या सोनी, सिद्धिका निषाद द्वितीय, देवाशीष यदु, वन्दना वर्मा तृतीय रहे। कार्यक्रम संचालन प्रो. भबीता मंडावी एवं आभार प्रदर्शन प्रो.मोनिका जत्ती ने किया। मंचीय कार्यक्रम आयोजन 24 अक्टूबर को अन्य प्रतियोगिताओं के सभी प्रतिभागी विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

पहला कॉलम...

बांग्लादेश क्रिकेट के हेड कोच को बीसीबी ने किया सस्पेंड

नई दिल्ली। बांग्लादेश टीम को भारत के खिलाफ टी20 और टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने दोनों सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच चंडिका हथुरसिंघा को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने निलंबित कर दिया है। बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद ने मंगलवार (15 अक्टूबर) को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके निलंबन की घोषणा की।

बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद ने कहा, "हमने निलंबन से पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है। उन्हें 48 घंटे के भीतर इस नोटिस का जवाब देने को कहा गया है। इसके बाद उनका कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी तक फिल सिमंस अंतरिम मुख्य कोच के रूप में काम करेंगे। बता दें कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने चंडिका हथुरसिंघा के साथ अनुबंध दो वर्ष का था, जो अगले वर्ष फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2024 तक था।हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने उससे पहले ही उनसे अलग होने का फैसला कर लिया।

शेयर बाजार : सेंसेक्स-निफ्टी में आई गिरावट

नई दिल्ली। मंगलवार के कारोबारी सत्र में सुबह के ट्रेड के दौरान शानदार शुरुआत के बावजूद दिन में बिकवाली आ गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है। ऑटो आईटी और फार्मा स्टॉक्स में मुनाफावसूली के चलते बाजार में ये गिरावट आई है. हालांकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी के चलते रौनक दिखी. बाजार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 153 अंकों की गिरावट के साथ 81,820 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 71 अंकों की गिरावट के साथ 25057 अंकों पर क्लोज हुआ है.

आज केकारोबार में बैंकिंग, एफएमसीजी, रियल एस्टेट, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखी गई. जबकि ऑटो, आईटी, फार्मा, मेटल्स, एनर्जी, कमोडिटीज के स्टॉक्स में बिकवाली रही. मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी के चलते निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 121 अंकों के उछाल के साथ तो स्मॉल कैप इंडेक्स 211 अंकों के उछाल के साथ क्लोज हुआ है. बीएसई के 30 शेयरों में 9 स्टॉक्स तेजी के साथ जबकि 21 गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 18 तेजी के साथ और 30 गिरावट के साथ बंद हुए और दो स्टॉक्स के भाव में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है.

अब फ्लाइटों में नहीं मिलेगा खाना!

नई दिल्ली। हवाई यात्रियों के लिए बेहद जरूरी खबर है। अमेरिका की सबसे बड़ी एयरलाइन की फ्लाइटों ने अब खाना नहीं मिलेगा। एयरलाइन ने अपनी 200 से अधिक डेट्रॉयट फ्लाइटों में फूड सर्विस सस्पेंड कर दी है। डेट्रॉयट मेट्रोपॉलिटन एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली डेल्टा एयर लाइन्स की 200 से अधिक फ्लाइटों के पैसेंजर्स को अब फ्लाइट में खाने का इंतजाम खुद ही करना होगा। एयरलाइन की ओर से कहा कहा गया है कि एयरलाइन को फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा एयरलाइन के पैसेंजर्स को एयरपोर्ट की रसोई से उपलब्ध कराए जाने वाले खाने में अनियमितता होने की रिपोर्ट दी गई है। इसलिए एयरलाइन ने अगले आदेश तक अपनी फ्लाइटों में पैसेंजरों को फूड उपलब्ध कराने पर रोक लगा दी है। एयरलाइन ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि डेट्रॉयट मेट्रो एयरपोर्ट पर एयरलाइन की रसोई में बनने वाले खाने का निरीक्षण फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा किया गया। इस दौरान खाने में अनियमितताएं मिलीं तो रसोई में खाना बनाने पर रोक लगा दी गई। डेल्टा ने कहा कि वह अब फ्लाइटों में फूड सर्विस बहाल करने के लिए गर्म और ठंडा खाना तैयार करने के तरीके में बदलाव कर रहा है।

पहले टेस्ट मैच से बाहर हो सकता हैं शुभमन गिल

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के आगाज से पहले टीम इंडिया के लिए बुरी खबर सामने आई है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल पहले टेस्ट मैच को मिस कर सकते हैं। दरअसल, गिल की गर्दन में अकड़न है और इस वजह से उनकी उपलब्धता पर आखिरी फैसला मैच के आगाज से पहले लिया जाएगा। गिल इस समय बेहद शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनके बल्ले से जमकर रन निकल रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चेवस्पोर्टसंजू की रिपोर्ट के अनुसार, इनफॉर्म बल्लेबाज शुभमन गिल गर्दन में अकड़न की वजह से पहले टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, गिल पहले टेस्ट में खेलेंगे या फिर नहीं, इस बात का फैसला मैच के आगाज से पहले किया जाएगा। शुभमन का बल्ला हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई सीरीज में जमकर बोला था। गिल ने पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली थी। वहीं, दूसरे मैच में भी युवा बल्लेबाज ने 39 रन की तेज तर्रार पारी खेली थी। गिल अगर पहले टेस्ट से बाहर होते हैं, तो ये भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका हो सकता है।

रोहित बोले- अनफिट शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जा सकते-कहा- हम उन्हें 100% फिट चाहते हैं

बेंगलुरु। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले बेंगलुरु में कहा कि वे चोटिल शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जा सकते हैं।

37 साल के भारतीय कप्तान ने शमी की फिटनेस पर पूछे गए सवाल पर कहा- ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए शमी को लेकर फैसला करना मुश्किल है। उनके घुटनों में सूजन है, जिसके कारण वे थोड़ा पिछड़ गए हैं और उन्हें दोबारा शुरू करना होगा। वे ब्रष्ट में हैं। हम उस शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहते, जो पूरी तरह से तैयार नहीं हो। देखते हैं क्या होता है।

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा, जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है, 22 नवंबर से शुरू हो रहा है। टीम इंडिया को इस बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। वनडे वर्ल्डकप में चोटिल हुए थे शमी मोहम्मद शमी पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान चोटिल हुए थे। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला था।

वे इंडिया की ओर से 64 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। शमी के नाम 229 टेस्ट विकेट हैं। भारत को 2014-15 से हरा नहीं सका ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 सीरीज से हरा नहीं पाई है। टीम को पिछली जीत 2014-15 के सीजन में मिली थी। तब स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 2-1 से हराया था। उसके बाद की चारों सीरीज में भारतीय टीम को जीत मिली है।

ग्रीन बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से बाहर, पीठ की सर्जरी कराएंगे

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इतना ही नहीं, उन्हें जनवरी महीने में होने जा रहे श्रीलंका दौरे को भी छोड़ना पड़ सकता है। 25 साल के ग्रीन पीठ की सर्जरी करवाने वाले हैं। इसके चलते उन्हें कम से कम 6 महीने क्रिकेट से दूर रहना होगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे का पहला टेस्ट मिस कर सकते हैं रोहित

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों से ऑस्ट्रेलिया दौरे का पहला टेस्ट मैच छोड़ सकते हैं। उन्होंने बीसीसीआई को बताया है कि वे निजी कारणों के चलते उनका शुरुआती 2 में से किसी एक टेस्ट में खेलना मुश्किल है।

भारत व न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच हो सकता है रद्द!

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने हाल ही में रोहित शर्मा की कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। अब उनकी निगाहें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अपना दावा मजबूत करने पर होंगी। टीम इंडिया अभी डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में पहले पायदान पर मौजूद है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मुकाबला 16 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी में खेला जाएगा।

अब इस मैच के पहले दिन पर बारिश का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक पहले टेस्ट से एक दिन पहले भारत के ट्रेनिंग सेशन को रद्द करना पड़ा। जो मूल रूप से सुबह 9.30 बजे के लिए निर्धारित था, क्योंकि वहां बहुत तेज बारिश हो रही थी। इसलिए पहले सेशन को एक घंटे के लिए स्थगित किया था। फिर भी बारिश कम होने के कोई संकेत नहीं दिखाई दिए। इस कारण फिर इसे पूरी तरह से रद्द कर दिया गया।

भारतीय मौसम विभाग ने बेंगलुरु में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसका टेस्ट मैच में गंभीर असर पड़ सकता है। टेस्ट के पहले और दूसरे दिन बारिश की 70% से 90% संभावना है। इससे अलावा तेज हवाएं भी चल सकती हैं और आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है। कर्नाटक राज्य के कई स्थानों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जिसमें बेंगलुरु का हिस्सा भी शामिल है। बेंगलुरु में सोमवार पूरी रात और मंगलवार सुबह बारिश होती रही और चिन्नास्वामी के कवर को नहीं हटाया गया है। ऐसे में मैच के पहले दो दिन खेल बिल्कुल नहीं के बराबर होने के संभावना है। अगर आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहती है, तो ये टेस्ट मैच ड्रॉ हो सकता है।

बीसीसीआई का बड़ा फैसला, खत्म हुआ इम्पैक्ट प्लेयर रूल, आईपीएल 2025 पर नहीं लगाई रोक

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इम्पैक्ट प्लेयर रूल को समाप्त करने का चौंकाने वाला फैसला लिया है। सभी राज्यों के क्रिकेट संघों को नोटिस भेजा जा चुका है कि आगामी सय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इम्पैक्ट प्लेयर रूल किसी भी तरीके से लागू नहीं रहेगा. मगर इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन यानि आईपीएल 2025 में इसके इस्तेमाल पर अभी कोई रोक नहीं लगाई गई है.

बीसीसीआई ने राज्यों को भेजे गए नोटिस में लिखा, ÷कृपया ध्यान दीजिये कि बीसीसीआई ने मौजूदा डोमेस्टिक सीजन से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाने का फैसला लिया है.÷ बताते चलें कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल को सय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक प्रयोग के तौर पर लाया गया था, जिसके बाद इसे आईपीएल में भी लागू कर दिया गया था. आईपीएल के पिछले सीजन के दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे टॉप प्लेयर भी इम्पैक्ट प्लेयर रूल के प्रति विरोध जता चुके हैं.

वहीं पिछले सीजन मोहम्मद सिराज ने कहा था कि इस रूल के आने से IPL में गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं बचा है. यह नियम इसलिए भी आलोचनाओं में घिरा रहा क्योंकि इसे ऑलराउंडर खिलाड़ियों का करियर बर्बाद करने का कारण बताया गया था. इस सबके बावजूद अधिकांश आईपीएल टीम मालिक और ब्रॉडकास्टरों ने कहा था कि इस नियम के आने से टूर्नामेंट अधिक रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक बन गया है.

खैर इम्पैक्ट प्लेयर रूल को अब भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट से हटा दिया गया है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ढूकरू 2025 के बाद भी यह नियम लीग में बदस्तूर जारी रहेगा.

रेप के आरोप में फंसे एमबापे!

नई दिल्ली। फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे आज पूरी दुनिया में खास पहचान रखते हैं, जिस तरह से उन्होंने फीफा विश्व कप 2022 में शानदार खेल दिखाया उन्हें कोई भी फुटबॉल फैंस नहीं भूल सकता है। हालांकि कुछ दिन पहले स्टार खिलाड़ी पर रेप का आरोप लगा था। उनके ऊपर पुलिस के जांच होने की भी बातें सामने आई थीं। हालांकि अब खुद फ्रांसीसी स्टार खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर चुप्पी तोड़ी है। स्वीडिश अखबार आफ्टनब्लेडेट ने सबसे पहले रेप की शिकायत दर्ज होने की सूचना दी। लेकिन अखबार ने आरोपी का नाम नहीं बताया। बाद में स्वीडिश के ही दूसरे अखबार एक्सप्रेसएन ने रेप के मामले में 25 साल के एमबापे के होने की खबर चला दी। साथ में इस अखबार में ये भी दावा किया गया कि पुलिश इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में विराट से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद, 9000 रन पूरे करने से 53 रन दूर

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से आगामी टेस्ट सीरीज में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। किंग कोहली के पास अब टेस्ट क्रिकेट में नौ हजार रन पूरे करने का सुनहरा मौका है। वह ऐसा करने से सिर्फ 53 रन दूर है। फिलहाल वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। इस लिस्ट में शीर्ष पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 अक्तूबर से शुरू होने जा रहे टेस्ट मुकाबले में भारतीय दिग्गज से बड़ी पारी की आस है। कोहली ने टेस्ट की पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक बार अर्धशतक लगाया है। दिसंबर, 2023 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ खत्म हुई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भी उनका बल्ला कुछ खास नहीं चला।

चेन्नई टेस्ट में पूर्व कप्तान ने पहली पारी में छह और दूसरी पारी में 17 रन बनाए। वहीं, कानपुर में उन्होंने पहली पारी में 47 रन और दूसरी पारी में नाबाद 29 रन बनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए शुरुआत से पहले गंभीर ने उम्मीद जताई कि आगामी सीरीज में वह अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। गंभीर ने कहा- कोहली को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी। मुझे याद है जब मैंने उनके डेब्यू पर श्रीलंका के खिलाफ कोहली के साथ साझेदारी की थी। उस समय में उनके अंदर रन बनाने की ऐसी ही भूख थी। यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में और फिर ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भी रन बनाएगा।

विराट ने इस वर्ष तीन टेस्ट मैच खेले हैं इनमें कोई अर्धशतक नहीं लगाया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके प्रदर्शन पर नजर डालें तो 11 टेस्ट मुकाबलों में उन्होंने 45.57 के औसत से 866 रन बनाए हैं। वहीं, उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 211 का रहा है। कोहली ने कीवियों के खिलाफ इस प्रारूप में तीन शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए हैं।

स्पाइसजेट ने दिवालियापन मामले के बीच सुलझाया 23.39 मिलियन डॉलर का विवाद

नई दिल्ली । संकटग्रस्त एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने एयरकैसल (आयरलैंड) डेजिग्नेटेड एक्टिविटी कंपनी और विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेज (डबलिन) लिमिटेड के साथ 23.39 मिलियन डॉलर के विवाद को कुल 5 मिलियन डॉलर में सुलझा लिया है।

कुछ एयरक्राफ्ट इंजन के ट्रीटमेंट से जुड़े समझौते के साथ ही नया समझौता हुआ है। विमानन फर्म ने एक बयान में कहा कि समझौते के तहत, दोनों पक्षों ने अपने खिलाफ चल रहे सभी मुकदमे और विवाद वापस ले लिए जाएंगे।

पिछले सप्ताह, कम लागत वाली एयरलाइन ने अपने पट्टेदारों, होराइजन एविएशन 1 लिमिटेड, होराइजन द्वितु एविएशन 3 लिमिटेड और होराइजन एविएशन 2 लिमिटेड के साथ विवादों को सुलझा लिया है। एयरलाइन ने 131.85 मिलियन डॉलर के विवाद को 22.5 मिलियन डॉलर में सुलझा लिया था। पिछले महीने एयरलाइन ने इंजन लीज फाइनेंस कॉरपोरेशन (ईएलएफसी) के साथ विवाद का निपटारा किया था, जिसने शुरू में 16.7 मिलियन डॉलर का दावा किया था, लेकिन राशि का खुलासा नहीं किया गया था। स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ लंबे समय से चले आ रहे इस विवाद को सफलतापूर्वक सुलझाकर हम खुश हैं।

यह समझौता कंपनी और सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में मामलों को सही तरीके से सुलझाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

एनपीपीए ने 8 प्रमुख दवाइयों की कीमतें 50 प्रतिशत बढ़ाई

नई दिल्ली। एनपीपीए (नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी) ने 8 प्रमुख दवाओं की अधिकतम कीमतों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इन दवाओं का इस्तेमाल मुख्यतः अस्थमा, ग्लूकोमा, थैलेसीमिया, टीबी और मानसिक स्वास्थ्य जैसी बीमारियों के इलाज में होता है। सरकार ने एक बयान में कहा कि ये फैसला 8 अक्टूबर को हुई एक मीटिंग के दौरान लिया गया, जिसमें 8 दवाओं के 11 फॉर्मूलेशन की अधिकतम कीमतों में 50 फीसदी बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई।

कीमतों में बढ़ोतरी की मंजूरी देते हुए कहा गया कि इनमें से ज्यादातर दवाइयों की कीमत कम हैं और देश के पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के लिए जरूरी फर्स्ट-लाइन ट्रीटमेंट के तौर पर इस्तेमाल की जाती हैं। जिन फॉर्मूलेशन की अधिकतम कीमतों में बढ़ोतरी की गई है, उनमें Benzyl Penicillin IU injection Atropine injection 06.mg/ml इंजेक्शन के लिए Streptomycin powder 750 mg 1000 mg, Salbutamol, 2 mg 4 mg, respiratory solution 5 mg/ml; Pilocarpine टैबलेट 2 mg और 4 4 mg, respiratory solution 5 mg/ml; Pilocarpine 2% Cefadroxil टैबलेट 500 mg, इंजेक्शन के लिए Desferrioxamine 500 mg और लिथियम टैबलेट 300 एमजी शामिल हैं।

एनपीपीए को ये दवाएं बनाने वाली कंपनियों से कीमतों में बढ़ोतरी की मांग वाले आवेदन मिल रहे थे। इन आवेदनों में कंपनियों ने दवा सामग्री की बढ़ती लागत, बढ़ते उत्पादन लागत और एक्सचेंज रेट में बदलाव जैसे अलग-अलग कारणों का हवाला दिया गया है। इन कारणों की वजह से दवाओं का उत्पादन और मार्केटिंग की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ गई थी। बताते चलें कि NPPA ने 2019 में 21 और 2021 में 9 फॉर्मूलेशन की कीमतों में 50% की बढ़ोतरी की अनुमति दी थी।

प्रथम पेज का शेष

महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर ...

दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवम्बर को होगी। झारखंड में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2.60 करोड़ से अधिक है जिनमें करीब 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। इनमें 11.84 लाख मतदाता 18 से 20 आयुवर्ग के तथा करीब 1.14 लाख 85 वर्ष से अधिक के हैं। उभयलिंगी मतदाताओं की संख्या 444 तथा 3.60 लाख मतदाता दिव्यांग हैं। झारखंड में 29563 मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। महाराष्ट्र की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को और झारखंड विधानसभा का कार्यकाल एक जनवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है।

श्री कुमार ने कहा कि 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो राज्यों में लोकसभा की दो सीटों के उपचुनाव भी इन विधानसभा चुनाव के साथ संपन्न कराये जायेंगे। केरल की वायनाड संसदीय सीट और 47 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 13 नवम्बर को झारखंड विधानसभा के पहले चरण के साथ ही 13 नवम्बर को कराये जायेंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय सीट और एक अन्य विधानसभा सीट का उपचुनाव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ 20 नवम्बर को कराया जायेगा। श्री कुमार ने हाल में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में संपन्न चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी में कमी पर खेद जताते हुए अपील की कि सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा, चुनाव ऐसा पर्व है जिसमें सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक, वांछनीय एवं प्रार्थनीय है। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में खासकर मुंबई महानगर क्षेत्र में आने वाली सीटों पर मतदान के स्तर में कमी का विशेष रूप से जिक्र किया और कहा कि विधानसभा चुनाव में आयोग वहां विशेष अभियान चलायेगा ताकि वहां शहरी मतदाता मतदान में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में वोट देने का अपना दायित्व पूरा करने के घर से बाहर निकलें।

प्रियंका गांधी का चुनावी डेब्यू..

सीट से 3 लाख 64 हजार वोटों से जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में राहुल गांधी ने इसी सीट पर रिकॉर्ड 4 लाख 31 हजार 770 वोटों से जीत हासिल की थी। चुनाव तारीख बदलने का अनुरोध- केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेन्द्रन ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर पलक्कड़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तारीख 20 नवंबर तय करने का अनुरोध किया है, क्योंकि 13 नवंबर को कल्पाती रथोत्सवम रथ उत्सव की शुरुआत हो रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में वायनाड में वरिष्ठ नेता एनी राजा को मैदान में उतारने वाली भाकपा ने अभी तक उम्मीदवार को अंतिम रूप नहीं दिया है। माकपा द्वारा भी जल्द ही पलक्कड़ और चेलाक्करा के लिए उम्मीदवारों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। भाजपा ने भी अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है।

सीपीआई 17 अक्टूबर को अपनी बैठक के बाद वायनाड के लिए सत्तारूढ़ एलडीएफ के उम्मीदवार की घोषणा कर सकती है। तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात करते हुए, सीपीआई के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने कहा कि वायनाड में प्रियंका के खिलाफ एक उपयुक्त उम्मीदवार को मैदान में उतारा जाएगा।

एयर इंडिया विमान को बम से ...

मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, गहन निरीक्षण किया गया और विमान के अंदर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। आज 5 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली- एयर इंडिया ने यह भी कहा कि वाहक के साथ-साथ अन्य स्थानीय एयरलाइनों को भी हाल के दिनों में इस तरह की कई धमकियां मिली हैं। हालांकि बाद में सभी धमकियां कोरी अफवाह निकलीं। एक जिम्मेदार एयरलाइन ऑपरेटर के रूप में सभी धमकियों को गंभीरता से लिया जाता है। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए एयर इंडिया ने खेद भी जताया है।

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ..

'एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं।' इसके साथ ही विदेश मंत्री ने एयरपोर्ट पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें भी शेयर कीं। बता दें कि इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर 'हार्ट ऑफ एशिया' सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर गईं थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे।

तीन मुख्यमंत्री, 3 नेता प्रतिपक्ष ...

वह अब तक अलग-अलग मुख्यमंत्रियों के अधीन पांच बार नंबर दो की हैसियत से काम कर चुके हैं। इस विधानसभा में सबसे पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले देवेंद्र फडणवीस को बाद में नेता प्रतिपक्ष और फिर उप मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करना पड़ा है। इसी प्रकार सदन ने दो विधानसभा अध्यक्ष भी देखे। ये थे नाना पटोले (कांग्रेस) और राहुल नार्वेकर (भाजपा)। लेकिन अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद उपसभापति पद पर पांच साल तक कोई बदलाव नहीं हुआ।

राज्य ने तीन राज्यपालों को भी देखा- राकांपा के नरहरि झिरवल महाविकास आघाड़ी के कार्यकाल में भी विधानसभा के उपसभापति थे और फिर महायुति सरकार में भी उसी पद पर रहे, क्योंकि राकांपा का विभाजन होने पर वह अजीत पवार के साथ आ गए थे। एक विशेष बात यह भी है कि विधानसभा के पूरे कार्यकाल के दौरान राज्य ने तीन राज्यपालों को भी देखा। भगत सिंह कोश्यारी (5 सितंबर 2019 से 17 फरवरी 2024), रमेश बैस (18 फरवरी 2023 से 30 जुलाई 2024) और मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, जिन्होंने 31 जुलाई 2024 को पदभार संभाला है।

'ये घोर उल्लंघन है', वक्फ पर जेपीसी की बैठक...

विपक्षी सदस्यों की ओर से लिखे गए पत्र में कहा गया, समिति की कार्यवाही अध्यक्ष जगदम्बिका पाल द्वारा पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित की गई। यह पत्र कांग्रेस के गौरव गोगोई, सैयद नासीर हुसैन व इमरान मसूद, डीएमके के ए राजा व एमएम अब्दुल्ला, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी और टीएमसी के कल्याण बनर्जी की ओर से लिखा गया है।

जगदम्बिका पाल ने विरोध दर्ज करने के लिए नहीं दिया समय- विपक्षी सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने सदस्यों को अपना विरोध दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया। विपक्ष के नेताओं गौरव गोगोई और कल्याण बनर्जी, बीजेपी सांसदों निशिकांत दुबे, दिलीप सैकिया और अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों पर अभद्र भाषा इस्तेमाल करने का आरोप- विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया, जिसके कारण उन्हें कुछ देर के लिए सदन से बाहर जाना पड़ा, लेकिन बाद में वे चर्चा फिर से शुरू करने के लिए वापस आ गए।

लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन के शुरुआती दौर से बाहर, सिंधू ने दूसरे दौर में जगह बनाई

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक लाने से चूकने वाले स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन्हें पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में शानदार शुरुआत की और दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मौके भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी ने उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 19-21, 14-21 से शिकस्त दी। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू चीनी ताइपे की पाई यू पो के दूसरे गेम के बीच में ही मुकाबले से हटने से दूसरे दौर में पहुंच गई।

विद्युत विकास कार्यो के लिए मिली 40 करोड़ 82 लाख रूपये की स्वीकृति

राजनांदगांव/खैरागढ़/मोहला (दावा)। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विद्युत विकास कार्यो के लिए 40 करोड़ 82 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे इन जिलों के नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में नये विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, नये 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाइनों का निर्माण, विद्यमान विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन तथा अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों के स्थापना के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जायेगा।

2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को मिलेगा इसका लाभ

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंधन द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यो से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री शिरीष शैलेट ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशन एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव के मार्गदर्शन में राजनांदगांव क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले के रामाटोला, जरहामहका, सिरसाही, चौथना, डूंडेरा एवं कहडबरी में नये 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, लालबहादूर नगर, औंधी, खड़गांव, डुमरटोला, कौड़ीकसा, झुरानदी, पैलीमेंटा, धोधा, कुमरदा में विद्यमान उपकेन्द्रों में 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा इंदामरा, हाटबंजारी, अरसीटोला, बिजेभांठा, गेंदाटोला, छुरिया, पनियाजोब, मुसराकला, मेंढ़ा, मोहला, बांधाबाजार, दिघवाड़ी, मानपुर, चिल्हाटी, बैहाटोला, लिमो, राहुद, खुज्जी, धोधा, छुईखदान एवं खैरागढ़ में स्थित उपकेन्द्रों के पॉवर ट्रांसफामरों की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से 5 एम.व्ही.ए. में वृद्धि, 106 कि.मी. 33 के.व्ही. एवं 60 कि.मी. 11 के.व्ही. की नई लाईनों के कार्यो के लिए 40 करोड़ 82 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यो के पूर्ण हो जाने से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध रुप से उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

भामसं ने मनाया समरसता दिवस

राजनांदगांव। भारतीय मजदूर संघ की जिला ईकाई राजनांदगांव ने आज देश के प्रख्यात चिंतक व विचारक तथा भामसं किसान संघ, विधार्थी परिषद्, स्वदेशी जागरण मंच जैसे राष्ट्रव्यापी संगठनों के संस्थापक दंतोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि समरसता दिवस के रूप में मनाई।

भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार स्थानीय दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चैक में आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्षता भामसं के जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा ने की । इस अवसर पर विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा ने श्रद्धेय ठेंगड़ी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उन्होनें अपना सारा जीवन दीन-हीन व वंचितों की सेवा में समर्पित कर दिया था। वे समाज में व्याप्त बुराईयों से बेहद आहत रहते थे, समाज में समरसता के लिये उन्होनें अपना सारा जीवन लगा दिया, वे वैचारिक रूप से इतने मजबूत थे कि सोवियत संघ के विघटन व वामपंथी विचारधारा के पतन की भविष्यवाणी दशकों पहले कर दी थी। श्री मिश्रा ने आगे कहा कि देश के ट्रेड यूनियन आंदोलन में भारतमाता की जय का नारा उन्हीं की देन है।

उन्होंने मजदूर क्षेत्र में नयी विचारधारा का प्रतिपादन किया, वर्ग संघर्ष के बजाय समन्वय व सामजस्य को प्राथमिकता दी, यही कारण है कि उनके जीवन काल में ही भारतीय मजदूर संघ देश में प्रथम क्रमांक का संगठन बना। कार्यक्रम में जयप्रकाश साहू, गोपालदास साहू, केशवराम सिन्हा, धनेश्वरी साहू, हेमंत साहू, पोदास सार्वा, ठाकुरराम यादव, देवव्रत साहू, खेमचंद साहू, लोमश वर्मा, कमल मेश्राम सहित बड़ी संख्या में भामसं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अण्डी में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती उत्सव समिति अण्डी के द्वारा रिकॉर्डिंग डांस का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, सरपंच जसबीर चौहान, जनपद प्रतिनिधि मनोज नेताम, उन्नत कृषक कुशल पटेल उपस्थित हुए।

रवि अग्रवाल ने ग्रामीणों को जब संबोधित कर रहे थे तब उन्होंने बताया की मैं भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य करता था उसी बीच दर्शकों ने मांग की एक छत्तीसगढ़ी नृत्य दिखाओ रवि अग्रवाल ने दर्शकों को निराश न करते हुए छत्तीसगढ़ी गीत 'ये चैती सुन येति जाबो उतई के बाजार' गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की खूब ताली बटोरी।

डीईओ सहित जिला व विकासखंड के अधिकारियों ने स्कूलों का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलें के समस्त विद्यालयों का एक साथ मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के टीम एवं विकासखंड स्तर पर समस्त जिला प्रशासकीय अमला को दिनांक 14.10.2024 को एक साथ सभी 149 संकुलों में निरीक्षण हेतु प्रार्थना स्थल पर निरीक्षण करने हेतु टीम भेजी गई, जिसमें कुल 110 स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 30 संकुलों का जिला स्तर से आकस्मिक निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान तत्काल जियो टैग मैप माध्यम से व्हॉट्सएप्प पर उपलब्ध कराया गया।

निरीक्षण स्थल पर ही गूगल शीट पर शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हाईस्कूल आलीवारा में श्रीमती मौसमी सांकरे की नियमित उपस्थिति संतोषप्रद नहीं पाई गई, जिसके कारण उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा के निरीक्षण के दौरान संजय ठाकरे, श्रीमती रोमा साहू, (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) शिक्षक एवं श्रीमती सुचिता मिश्रा, व्याख्याता अनुपस्थित पाये गये। जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। हाईस्कूल माड़ीतराई वि.ख. डोंगरगढ़ में श्रीमती टी. कलसी, व्याख्याता जीवविज्ञान ने कार्यभार ग्रहण किया। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा सतीश ब्यौहरे द्वारा निरीक्षण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आतरगांव वि.ख. छुरिया में सीके साहू, व्या. एलबी, श्रीमती किरण साहू, व्या. एलबी टिकेश्वर कुमार लहरे, सहायक ग्रेड-03 अनुपस्थित पाये गये।

शालाओं में गुणवत्ता लाने दिए आवश्यक निर्देश

जिला एवं विकासखंड स्तर पर निरीक्षण में निम्नांकित शिक्षक शाला समय पर अनुपस्थित पाये गये। रामजी लाल चन्द्रवंशी, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगोंदी, बृजेश कुमार मंडावी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देशहाटोला, खूबलाल महलार्य, प्राथमिक शाला साल्हे सहदेव सिंह ध्रुव, प्राथमिक शाला सीताकसा, मुकेश कुमार मंडावी, प्राथमिक शाला मोरकुंडुब, प्रभात कुमार मरई, प्राथमिक शाला हेताड़कसा वि.ख. छुरिया। कमलेश तिवारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मड़ियान, रवि देशमुख, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोठीटोला वि.ख. डोंगरगढ़ 2015 से अवैतनिक अवकाश पर है। डोमनलाल निषाद, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परसबोड़, सूर्यकांत शर्मा, विकास सिंह बघेल, विश्वनाथ कम्पैला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बखत रेंगाकठेरा, भगवती प्रसाद बघेल, प्राथमिक शाला उसरीबोड़, निरीक्षण में कुल 20 शिक्षक एवं 1 सहायक ग्रेड-03 अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र एवं भविष्य में विलंब से शाला आने के संबंध में कड़ी चेतावनी दी जा रही है। सर्व संबंधित डीडीओं अपने अधिनस्थ शिक्षक-कर्मचारियों का आनलाईन अवकाश पोर्टल में मिलान कर सुनिश्चित करें कि संबंधित शिक्षक-कर्मचारी ने आनलाईन अवकाश हेतु आवेदन हेतु प्रविष्टि किया गया अथवा नहीं। शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण में सभी स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन में कड़ाई बतरने एवं विद्यालयों में शिक्षक समय पहुंचने हेतु निर्देशित किया गया। जिले की टीम से निरीक्षण में डीईओ प्रवास बघेल, सहायक संचालक आदित्य खरे, बी. संगीता राव, डीएमसी सतीश ब्यौहरे, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, एडीपीओ पीआर झाड़े, एपीसी मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, केपी विश्वकर्मा, मनोज मरकाम, एवं प्रणिता शर्मा इसी तरह चारों विकासखंड से बीईओ, एबीईओ एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा निरीक्षण किया गया।

विश्वविद्यालय का 68वां स्थापना दिवस मनाया गया संस्थापकों को याद कर

खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का 68वां स्थापना दिवस संस्थापकों को याद कर मनाया गया। सर्वप्रथम कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा राजा वीरेन्द्र बहादु सिंह, रानी पद्मावती देवी सिंह व उनकी पुत्री राजकुमारी इन्दिरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

सभी के सहयोग से विश्वविद्यालय को और ऊँचाई तक ले जायेंगे- कुलसचिव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय की गरिमा को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास हम करते रहेंगे। संस्थापकों के समर्थन तथा शासन-प्रशासन के सहयोग से विश्वविद्यालय को अधिक ऊँचाई तक ले जाना है।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुये कहा कि आने वाले समय में आप सभी एक महान कलाकार बनें और अपने गुरूओं सहित इस विश्वविद्यालय का नाम रौशन करें। इससे पहले कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलगीत में ही यहां का आदर्श समाहित है जिसे हमें अपने जीवन में उतारना है। इसके साथ ही हमें कलाओं के संरक्षण व संवर्धन को लेकर अपना दायित्व भी निभाना चाहिये। उन्होंने आगे कहा कि राजा-रानी ने अपनी पुत्री राजकुमारी इंदिरा की याद में जो बीजारोपण किये थे वह आज विशाल वट वृक्ष के रूप में नजर आ रही है जिसके संरक्षण की जिम्मेदारी अब हमारी है। कार्यक्रम का संचालन डी.एस.डब्ल्यू की प्रभारी डॉ. देवमाईत मिंज ने की। इस अवसर पर अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय प्रो. डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो. डॉ. नमन दत्त, अधिष्ठाता लोक संगीत संकाय डॉ. योगेन्द्र चौबे, सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्रगण मौजूद रहे।

गोंड़ समाज द्वारा गौटियाटोला बागरेकसा में दुर्गावती जयंती एवं सामाजिक गोष्ठी, सम्मान समारोह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संभागीय गोंड़ समाज मोहला के अंतर्गत आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान में ग्राम गौटियाटोला बागरेकसा में रविवार 13 अक्टूबर को वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के अवसर पर गोंड़वाना सामाजिक विचारगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर ने किया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में संभागीय संरक्षक जगतराम सलामें, संभागीय सलाहकार हिरेसिंह घावड़े, सेवानिवृत डीआईजी दुखूराम आचला, संभागीय सचिव कुमार कोरेटी, कोषाध्यक्ष तुलसी मरकाम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चन्द्रेश ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य तुकाराम कोर्राम, आडिटर ओमप्रकाश कोडापे, मीडिया प्रभारी लखन सोरी, ब्लाक अध्यक्षगण बाबूराव हिड़को ईस्तारी, गोविंद टेकाम कोटगुल, रामबिलास घावड़े खुज्जी, आत्माराम कौड़ो, दिनेश उसेण्डी मानपुर, ब्लाक महासचिव संतुराम मंडावी खड़गांव, ब्लाक सचिव अशोक मांझी मोहला, ब्लाक संगठन मंत्री हीरासिंह बोगा कोरची, सेवानिवृत एसआई भगवान सिंह सलामें एवं श्री मंडावी मुगेशीटोला एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ताओं ने गोंड समाज के सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाए रखते हुए समाज हित में योगदान देने की अपील समाज के सभी लोगों से की। इस अवसर पर अतिथियों ने ग्राम गौटियाटोला में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना भी की।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की विभूति एवं पूरोधा शंभूशेक, बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती सहित गोंड़वाना महापुरुष एवं दिवंगत समाज प्रमुखों के प्रतिमा एवं छात्राचित्रों पर माल्यार्पण एवं सेवा अर्जी के साथ किया गया पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने सामाजिक लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती को आदर्श मानकर उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करना होगा। कोयतुर गोंड़ समाज की भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज, रूढ़ी गत परम्परा अति प्राचीन एवं गौरवशाली है। जिसे मूल रूप में बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता में बिखराव आने से समाज पिछड़ जायेगा। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण के साथ समाज का विकास भी जरूरी है। मातृभाषा गोंड़ी के साथ-साथ हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी आवश्यक है। कोयतुर गोंड़ समाज की पहचान टोण्डा, मुण्डा एवं कुण्डा व्यवस्था के साथ-साथ भीतर में सेवा अर्जी करने से होती है। गोंड़ महासभा मोहला की रोटी-बेटी का संबंध एवं रिश्तेदारी एक या दो ब्लाक तक नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के 13 सामाजिक ब्लाकों तक होता है। संभागीय गोंड़ महासभा मोहला की ग्रीय स्तर पर एक अलग एवं विशिष्ट पहचान है। जिसे बनाये रखना हम समाज प्रमुखों एवं समस्त समाज की है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाने वाले कर्मचारियों दिनेश कुरेटी, तोमन आचले, मूलचंद मंडावी, धर्मेन्द्र दुग्गा, राजकुमार आचले नंदू टेकाम, ओंकार सलामें, अमन नरेटी आदि सहित संभागीय पदाधिकारियों एवं अन्य ब्लाक से आये ब्लाक पदाधिकारियों का पुष्पमाला, गमछा एवं पीला चांवल का टीका लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एटमेटा (बूचाटोला) सर्कल के अध्यक्ष भूषण सलामें,उपाध्यक्ष अनिल हारमें एवं सचिव मेघनाथ सलामें का चयन कर नव चयनित सर्कल पदाधिकारियों को बधाई देकर निष्ठा के साथ काम करने की अपेक्षा की गयी। स्वागत भाषण ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर, संचालन ब्लाक सचिव समन लाल उइके, उदय सिंह कोमरे एवं संतराम सलामें ने किया। आभार प्रदर्शन ब्लाक प्रवक्ता कन्हैया केराम ने किया। इस अवसर पर जनाराम काटेंगी, श्यामदास मंडावी, दिलीप कोरेटी, तोमन आचले, अंबिका सलामें, ललिता सलामें, दयाराम सलामें, रामाधार कोड़ापे, भगवानी दुग्गा, गिरधारी गोटे, संतलाल उइके एवं दुखूराम हुर्रे, मोहन हिचामें, हीरासिंग बोगा आदि सहित छुरिया-डोंगरगढ़ ब्लाक के हजारों सामाजिक लोग उपस्थित थे।

बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला महोत्सव

डोंगरगढ़(दावा)। रामनवमी तिथि के अंतिम दिन बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला महोत्सव का आयोजन कराया गया, जिसमें डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान एक दूसरे को सिंदूर भेंट कर महोत्सव को मनाया जाता रहा। रेलवे कॉलोनी स्थित दुर्गा पंडाल में मनाए गए इस सिंदूर महोत्सव के दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को नवरात्रि पर्व की बधाइयां भी दी। नवरात्रि के अवसर पर बंगाली समाज द्वारा नवरात्रि पर्व को धूमधाम के साथ मनाया जाता है। अंतिम दिन सिंदूर खेला महोत्सव का आयोजन होता है। जिसमें महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग लेती है।

विधायक श्रीमती बघेल ने पर्व में शामिल होकर उत्साह बढ़ाया

एनपीपीएस-बल्देवबाग के छात्रों ने रतन टाटा एवं डॉ.हेमलता मोहबे को दी भावभिनी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल-बल्देवबाग के विद्यार्थियों ने दिवंगत रतन टाटा एवं डॉ.हेमलता मोहबे को सामुहिकरूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा कारोबारी रतन टाटा द्वारा समाजसेवा एवं देशभक्ति की जिवंत मिसाल पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवनी को व्यक्त किया। साथ ही साथ दिवंगत शिक्षाविद् डॉ. हेमलता मोहबे के जीवनी पर भी प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को याद किया गया।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी ने रतन टाटा एवं डॉ.हेमलता मोहबे तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् श्री बाजपेयी ने टाटा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए हुए उनके संघर्षो को बताया कि समाजहित एवं देशहित हेतु अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कैसे किया जाता है, टाटा जी अपनी कुल लाभांश संपत्ति का कई गुणा हिस्सा लोगों की भलाई एवं देशहित में लगाकर देश एवं समाज दोनों को ही लाभांवित एवं गौरवांवित किया। इसी कड़ी मे श्री बाजपेयी ने शिक्षाविद् डॉ.हेमलता मोहबे के निधन को शिक्षा जगत में अपूर्णिय क्षति बताया और कहा कि ऐसे महान आत्माएं अपने कर्मो से हमारे जीवन को चरितार्थ करने के साथ ही साथ आत्मविश्वास से भरकर लोगों की भलाई हेतु उन्हें शिक्षित बनाकर देश एवं अपनी कर्मभूमि को महान बनाने में बड़ी भूमिका निभाने में सहायक होती है। आगे बाजपेयी जी ने याद दिलाया कि एनपीपीएस बल्देवबाग का उद्घाटन डॉ.हेमलता मोहबे के द्वारा ही किया गया था। अपने इन अंतिम पंक्तियों में बाजपेयी जी ने पुनः इन महान आत्माओं को प्रणाम कर अपनी वाणी को विराम दिया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या श्रीमती इला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के रामनारायण बघेल बने कार्यकारी प्रांताध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षकों का सबसे पुराना व विशाल संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष रामनारायण सिंह बघेल को प्रदेश संगठन का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष भी बनाया गया है।

विगत दिनों न्यायाधानी बिलासपुर में संपन्न प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ की बैठक आहूत कर निर्वाचन प्रक्रिया भी संपन्न हुई। जिसमें संघ का प्रांताध्यक्ष सुनील कौशिक बिलासपुर, महामंत्री काशीराम रजक मल्हार, कोषायक्ष जितेन्द्र कन्नौजे रायपुर के अलावा रामनारायण सिंह बघेल को सर्व सम्मति से प्रदेश का कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारी उप प्रांताध्यक्ष सत्यदेव वर्मा, श्रीमती आशा लता चौहान एवं प्रांतीय मंत्री अजय श्रीवास्तव चौकी, दीपक सिंह ठाकुर धमतरी, अजय श्रीवास्तव छुईखदान, श्रीमती चंद्रकला शर्मा बिलासपुर, कार्यालय मंत्री डॉ. भूपेन्द्र धर दीवान बिलासपुर, प्रवक्ता बलराम पाण्डे रतनपुर, प्रमुख संगठन मंत्री विश्राम निर्मलकर, संगठन मंत्री कामेश्वर वैष्णव आदि। बैठक में समस्त निर्वाचित पदाधिकारी के पदोन्नति क्रमोन्नति, समयमान, वेतनमान, डी.ए. व अन्य समस्याओं को प्रमुखता से शासन के समक्ष रखने का निर्णय लिया।

धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस पर बाबा साहेब आंबेडकर के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

डोंगरगढ़(दावा)। डॉ. भीमराव अंबेडकर विकास समिति सुदर्शन बाल्मिक समाज के तत्वावधान में 68वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर इंदिरा नगर वार्ड नंबर 5 डोगरगढ़ में भारतरत्न डॉ, बाबा साहेब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिप प्रज्वलित कर सामूहिक वंदना की गई।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल नगर पालिका उपाध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, शैलू गहरवार, नरेश करसे समाजसेवी अनिल यादव, पप्पू इंदुकर, रामरतन यादव, शुभम परिहार, मोहन मधुमटके, अनिल भौवरेल, श्रवण करसे आदि कार्यकर्तागण, कार्यकर्ता एवं सामाजिकगण उपस्थित थे। समाजसेवी नरेश करसे की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी को भीमराव अंबेडकर विकास समिति सुदर्शन वाल्मीक समाज डोंगरगढ़ की ओर से धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस की हार्दिक बधाई प्रेषित की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास हितग्राही सम्मेलन में हुए शामिल

० हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी, हितग्राहियों को आवास स्वीकृति का मिला प्रमाण पत्र
० घर की चाबी पाकर हितग्राहियों ने प्रसन्नता जाहिर की, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच एवं कर्मचारी हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी एवं आवास के लिए नवीन स्वीकृति वाले हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास का मॉडल स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किया। विधानसभा अध्यक्ष को सभी ने जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

खुशी के इस माहौल में अपने घर की चाबी पाकर हितग्राहियों में प्रसन्नता और हर्ष रहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के मॉडल प्रदर्शित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिला अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 27442 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत आवासों में अब तक कुल 27010 आवास पूर्ण किये जा चुके है। राजनांदगांव जिला आवास की पूर्णता में 98.42 प्रतिशत है और राज्य में प्रथम स्थान पर है। राजनांदगांव जिले को वर्ष 2024-25 में स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस से स्वीकृति हेतु 21826 लक्ष्य प्रदाय किया गया है। प्रदाय लक्ष्यानुसार अब तक 16070 हितग्राहियों का स्वीकृति प्रदान किया जा चुका है, शेष हितग्राहियों की स्वीकृति का कार्य प्रगति पर है। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 5244 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। जिसमें अब तक 5151 आवास पूर्ण कर लिया गया है। नवीन लक्ष्य में 825 आवास राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक 825 आवासों की स्वीकृति प्रदान कर लिया गया है।

वर्तमान में स्वीकृत हुए आवासों को पूर्ण कराने के लिए जिला, जनपद पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जनपद स्तर, कलस्टर स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राही संगोष्ठी के साथ-साथ हितग्राही उन्नमुखीकरण के तहत तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले को कुल 1053 का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें से 855 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया जा चुका है। योजनांतर्गत सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का पुनः सर्वे किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, भरत वर्मा, रमेश पटेल, कोमल राजपूत, शिव वर्मा, राजेश श्यामकर, दिनेश गांधी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

सूरजपुर कांड का आरोपी कुलदीप साहू गिरफ्तार, आरक्षक की पत्नी और बच्ची की हत्या के बाद मचा था बवाल

एनएसयूआई का महासचिव रह चुका है आरोपी

सूरजपुर। सूरजपुर जिले में हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी कुलदीप साहू को बलरामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड में आरक्षक की पत्नी और बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी और आखिरकार साइबर टीम के सहयोग से बलरामपुर पुलिस ने कुलदीप साहू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बता दें कि बलरामपुर एसपी को जैसे ही आरोपी की लोकेशन और गतिविधियों की सूचना मिली, उन्होंने तुरंत साइबर टीम को सक्रिय किया। टीम की तत्परता और तकनीकी सहयोग के बाद कुलदीप साहू को गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी से हत्याकांड की जांच में एक बड़ा मोड़ आया है, और अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

आदतन आरोपी है कुलदीप साहू

नाराज भीड़ ने कल आदतन आरोपी कुलदीप साहू के घर को आग के हवाले कर दिया था। आक्रामक भीड़ ने एसडीएम जगन्नाथ वर्मा के साथ मारपीट की थी, वहीं एसपी के साथ धक्कामुक्की करने का मामला सामने आया था। डबल मर्डर की वारदात से सूरजपुर में तनाव की स्थिति बन गई थी। आक्रोशित भीड़ ने थाने के सामने धरना दिया और जमकर नारेबाजी की थी। घटना के विरोध में लोगों ने इलाके की सारी दुकानों को बंद कर दिया था। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर भीड़ को काबू करने में जुटे हुए थे। बेटी और मां के हत्या का आरोपी कुलदीप साहू आदतन बदमाश है। आरोपी कुलदीप साहू एनएसयूआई का पूर्व महासचिव रह चुका है।

क्या है मामला

बीते रविवार की शाम को जब प्रधान आरक्षक तालिब और आरक्षक घनश्याम सोनवानी चौपाटी पर खड़े थे। तब अचानक कुलदीप ने बिरयानी सेंटर से कड़ाही पर मौजूद गर्म तेल सिपाही घनश्याम पर उड़ेल दिया। बेहद गंभीर हालत में घनश्याम सोनवानी को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर कुलदीप साहू हमला कर फरार हो गया। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के बाद कुलदीप भैयाथान रोड स्थित रिंग रोड पर निवासरत प्रधान आरक्षक तालिब के घर पहुंचा और तालिब की पत्नी और बिटिया को बलपूर्वक उठा ले गया। जिसके बाद धारदार हथियार से दोनों लोगो की हत्या कर शव को दो किलोमीटर दूर फेंक दिया।

डॉ. रमन के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने अपनी शानदार कविताओं से समां बांधा, जिसे सुनने के लिए लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, रामप्रताप सिंह, विधायक राजेश मूणत, भावना बोहरा सहित 20 विधायकों और सांसद मौजूद थे। शहर के वरिष्ठ नागरिकों सहित हर वर्ग के लोगों ने इस कवि सम्मेलन का आनंद उठाया। डॉ. रमन सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों का आत्मीय स्वागत किया।

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन ने एक ऐतिहासिक रूप ले लिया। डॉ. रमन सिंह ने भाजपा कार्यालय और आजाद चौक में चौपाल के माध्यम से अपने समर्थकों के साथ जन्मदिन का जश्न मनाया। लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं, और प्रशासन की बेहतरीन व्यवस्था ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वृद्ध जनों की सेवा कर वृद्धाश्रम में मनाया गया डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन

परवेज अहमद ने कहा, मानव सेवा ही ईश्वर सेवा, डाक्टर साहब के दीर्घायु होने की कामना की

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, राजनांदगांव के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन संस्कारधानी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के वृद्धाश्रम में ठण्ड के मौसम को देखते हुए कम्बल का वितरण किया गया साथ ही गर्म पानी की उपलब्धता के लिए दो गीजर भेंट किये गए व् वृद्ध जनों को भोजन करवा कर डॉ. रमन सिंह के दीर्घायु होने की कामना की गई ।

भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह ने हमेशा लोगों की मदद करने की प्रेरणा हम सबको दी है और आज उनके जन्मदिन के अवसर पर वृद्ध जनों के बीच उनका जन्मदिन मना कर आत्मिक शान्ति का अनुभव हो रहा है। इस अवसर पर मौजूद पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व् पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मधुसूदन यादव ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है और इस तरह के पुण्य कर्म हम सभी को करने चाहिए।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि वृद्धाश्रम में अपनों से दुखी लोग रहते हैं और हम सबको इनके बीच आ कर इनका अकेलापन हमेशा दूर करना चाहिए। परवेज अहमद ने डॉ. रमन सिंह की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि डाक्टर साहब ने पंद्रह वर्षों तक हर तबके के लोगों की मदद की है और प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। निश्चित तौर पर हम सबको आगे भी डाक्टर साहब का प्रेम स्नेह मिलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने मुक्त कंठ से डाक्टर साहब को आशीर्वाद दिया है। परवेज अहमद ने कहा कि बुजुर्गों ने कुछ बातें उन्हें बताई हैं जिस पर वो जल्द ही डॉ. रमन सिंह से चर्चा कर के उनकी मांगों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

इंडिगो एवं एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ट्वीटर हैंण्डलर के खिलाफ अपराध दर्ज

ट्विटर हैंडल संचालित करने वाले के खिलाफ महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ अपराध पंजीबद्ध

राजनांदगांव (दावा)। देश के इंडिगो विमान व एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ानें की धमकी देने वाले ट्विटर हैंडलर संचालित करने वाले के खिलाफ महाराष्ट्र के मुंबई में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस मामले को लेकर शहर की कोतवाली पुलिस व महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस द्वारा संदेहियों से संयुक्त रूप से पूछताछ की गई है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि ट्युटर हेण्डल (एक्स) में ट्विट कर गत 14 अगस्त को इंडिगो कंपनी के विमान क्र 6 ई 1275 (मुम्बई से मस्कट) और उडान संख्या 6 ई 57 (मुम्बई से जेद्या) में टाईम बम लगाने व एयर इंडिया एयरलाइंस की उडान संख्या एआई 119 (मुम्बई से न्यूयॉर्क) में 06 किलो आरडीएक्स एवं 06 आतंकवादी होने की बात कहते हुए विमान उडाने की धमकी दी गई थी तथा इस संबंध में ट्विटर (एक्स)में पोस्ट किया गया है जो राजनांदगांव से संबंधित होना पता चलने पर उक्त संबंध में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। श्री साहू ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए राजनांदगांव रेंज पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार जिसके नाम से ट्विटर अकाउंट था तथा इस ट्वीट के संबंध में जिसने इसकी सूचना एयर कंट्रोल ऑफिस में दी थी, उन दोनों से रायपुर साइबर सेल, कोतवाली पुलिस व साइबर सेल के द्वारा पूछताछ कर मामले से सबंधित इलेक्ट्रॉनिक डेटा एकत्रित किया गया।

इस संबंध में महाराष्ट्र मुंबई पुलिस के द्वारा एक अज्ञात आरोपी व ट्विटर हैंडलर के खिलाफ अपराध क्र. 823/2024 धारा 125, 353(1), (बी) 351(4) बीएनएस 3(1)(क) नागरिक उडान सुरक्षा अधिनियम 1982 अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना क्रम में मुम्बई पुलिस की टीम आरोपी पतासाजी हेतु कल 14 अक्टूबर को राजनांदगॉव आयी, राजनांदगांव पुलिस के सहयोग से ट्विटर हैण्डलर राजनांदगॉव निवासी एक नाबालिक को उसके पिता के साथ नोटिस देकर व जिनके नाम पर अकाउंट था उसे मुंबई (महाराष्ट्र) में पूछताछ व अग्रिम कार्यवाही हेतु तलब किया गया।

दशहरा के बाद से विद्युत विभाग का फिर से मेंटनेंस का काम चालू

० शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत उपकरणों में हो रहा सुधार कार्य
० मेंटनेंस शेड्यूल से आमजनों की बढ़ी परेशानी

राजनांदगांव (दावा)। दशहरा पर्व मनाने के साथ ही हिंदूओं का सबसे बड़ा पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज व छठ पर्व आने वाला है। दीपावली को तो रौशनी का त्योहार ही कहा जाता है। ऐसे महत्वपूर्ण समय में विद्युत विभाग द्वारा मेंटनेंस का कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। दिवाली सीजन में पखवाड़े भर तक चलने वाले विद्युत मेंटनेंस के कार्य के चलते व्यापारियों के साथ-साथ आम लोगों की परेशानी बढ़ गई हैं। बता दें कि दीपावली त्यौहार के पूर्व लोग अपने घर, दुकान, मकान कार्यालय आदि का साफ- सफाई, रंग-रोगन का कार्य करते हैं। लेकिन समय बे- समय विद्युत अवरोध पैदा होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

इतना ही नहीं विद्यार्थी वर्ग भी इससे परेशान हैं। बताया जा रहा है कि जहां मेंटनेंस हो रहा है वहां पांच-छः घंटे तक बिजली बंद हो रही है। शहर में पहले दिन ग्रीन सिटी उपकेंद्र में मेंटनेंस के चलते आसपास के कालोनियों में घंटों विद्युत प्रवाह अवरुद्ध बना रहा। एक तो अभी वैसे ही चिपचिपी गर्मी व उमस का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में विद्युत अवरोध के चलते लोगों को बिना पंखे, कुलर व एसी के रहना काफी तकलीफ देह साबित हो रहा है। शहर सहित पूरे अंचल भर में मेंटनेंस के नाम पर की जा रही विद्युत कटौती से जहां कम्प्यूटर सहित इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े कामकाज पर असर पड़ रहा है वहीं उमस भरी गर्मी से बिना पंखे कुलर एसी के जूझ रहे लोगों का विद्युत मंडल के प्रति आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

बता दें कि गत दिनों अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने विद्युत मंडल के सामने जोरदार प्रदर्शन किया था। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 11 के व्ही ग्रीन सिटी उपकेंद्र व 33 के व्ही उपकेंद्र एच टी सी में सुधार कार्य हुआ है। इस उपकेंद्र क्षेत्र के आसपास के वृक्षों की कटाई एवं जंपर की जांच गई है। मेंटनेंस के चलते ग्रीन सिटी कालोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से विद्युत अवरोध दोपहर 3 बजे के आसपास तक बना रहता है इसके बाद ही बिजली आ पाती है। मंगलवार 15 अक्टूबर को 11 के व्ही उपकेंद्र में मरम्मत की गई। इससे भी इस क्षेत्र में लोगों की परेशानी बनी रही। बताया जा रहा है कि आगामी 28 अक्टूबर तक विद्युत लाइन संधारण व मरम्मत कार्य के चलते मेंटनेंस का काम चालू रहेगा। कार्यपालन अभियंता आर के गोस्वामी ने बताया कि 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक शहर के इन चिह्नित क्षेत्रों में विद्युत मेंटनेंस का कार्य सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे के आसपास तक चालू रहेगा।

इसमें प्रमुखतः उपकेन्द्र 11 के.व्ही. ग्रीनसिटी फीडर 14 अक्टूबर सोमवार व 15 अक्टूबर मंगलवार को सुधार के बाद 33 के.व्ही. एच.टी.सी.11 के.व्ही. पेण्ड्री फीडर आज 16 अक्टूबर बुधवार को 11 के.व्ही. अटल विहार फीडर, गुरुवार 17 अक्टूबर को 11 के.व्ही. सिटी फीडर, शुक्रवार 18 अक्टूबर को तथा 19.10.2024 (शनिवार), 20.10.2024 (रविवार), 11 के. व्ही. चिखली फीडर, 11 के.व्ही. बल्देव बाग फीडर, 11 के. व्ही. कलेक्ट्रेड फीडर के अंतर्गत ग्रीन सिटी कॉलोनी, समता कॉलोनी, डोंगरगांव रोड, महेश नगर, गांधी नगर, ग्रीन हाइट्स, कौरिनभाठा, सिद्धार्थ सिटी एवं आस-पास के औद्योगिक कनेक्शन।

चाचा पोहा, सुमीत मंडी मॉल, बसंतपुर हॉस्पिटल, अटल आवास, निर्धन आवास, स्कान सिटी, पेण्ड्री बस्ती एवं आस-पास क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी तरह इस्कान विहार, रेवाडीह बस्ती, बाईपास रोड, अटल विहार कालोनी, आई.टी.आई. पॉलिटेक्निक, केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य, अटल आवास, आठवी बटालियन, ट्रांसपोर्ट नगर, एवं आस-पास के क्षेत्र। अन्नपूर्णा रेस्टारेंट, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, सोनार पारा, दीवान पारा, पुराना हॉस्पिटल, गौशाला मार्केट एवं आस-पास के क्षेत्र। चिखली, स्टेशन पारा, मुदलियार कॉलोनी, दीनदयाल नगर, कुसुम अपार्टमेंट, शंकरपुर, रामनगर, पानुबिल्डर्स, गणपति नगर, गवर्नमेंट प्रेस खैरागढ़ रोड एवं आस-पास के क्षेत्र। न्यू सिविल लाईन एरिया, बल्देव बाग, बी.एन.सी. मिल, न्यू बस स्टैण्ड, तुलसीपुर एवं आस-पास के क्षेत्र। कलेक्ट्रेड परिसर, न्यायालय, लालबाग, पुलिस लाईन, पुलिस पेट्रोल पंप, ममता नगर, आनंद बिहार, शास्त्री चौक एवं आस-पास के क्षेत्र। लालबाग सिंघी कॉलोनी, प्रभात नगर, भदौरिया चौक, महेन्द्र नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सहदेव नगर स्टेडियम रोड एवं आस-पास के क्षेत्र। चौखड़िका पारा, बसंतपुर रोड एवं आस-पास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 21.10.2024 (सोमवार), 11 के. व्ही. लालबाग फीडर तथा 22.10.2024 (मंगलवार), 11 के.व्ही. मोतीपुर फीडर बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, रामनगर । 23.10.2024 (बुधवार)11 के.व्ही. मण्डी फीडर 24.10.2024 (गुरुवार), 11 के.व्ही. नया ढाबा फीडर, 25.10.2024 (शुक्रवार), 11. के. व्ही. हॉस्पिटल फीडर के अंतर्गत पुराना हावा, नया ढाबा, मोतीपुर, श्याम रेसीडेंसी एवं आस-पास के क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, किल्लापारा, दुर्गा चौक, पटेल मोहल्ला, ऑडिटोरियम, सर्किट हाउस, राजीव नगर, हीरामोती लाईन, चौखड़िया पारा, ओसवाल लाईन, समग्र भवन एव आसपास के क्षेत्र। वहीं 26.10.2024 (शनिवार) 11 के. व्ही. आर. के. नगर फीडर जीवन बी कॉलोनी, मुक्तागिरी, अर्बन रेसीडेंसी, कलेक्ट्रेड बंगला, एसपी बंगला, एबीस, जीवन हाईट्स, जज कॉलोनी, प्रिसेस प्राईड एवं आसपास के क्षेत्र तथा 27.10.2024 (रविवार) 11 के.व्ही. पीटीएस फीडर 28.10.2024 (सोमवार), 11 के.व्ही. कुरूक्षेत्र फीडर, इंडस्ट्रीयल एरिया, पीटीएस, क्रिश्चन फेलोशिप, पूनम कॉलोनी, बर्फानी आश्रम एवं आस-पास के क्षेत्र प्रभावित रहेगा। वहीं पूनम कॉलोनी, खण्डेलवाल कॉलोनी, 18 एकड़, वर्धमान नगर, विवेकानंद नगर, डीएनए हॉस्पिटल, कृष्णा हॉस्पिटल, स्पर्श हॉस्पिटल, हरिओम नगर एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता आर के गोस्वामी ने बताया कि विद्युत मेंटनेंस के चलते इसकी समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। अतः असुविधा के लिख खेद है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com